




पाक्षिक
SINCE 1998
# टेक्सटाइल वर्ल्ड
Postal Registration No : BHILWARA/208/2024-2026 Posting on 24-03-2025 at Rail Mail Service, Bhilwara
वर्ष-27 | अंक-19 | भीलवाड़ा/ 22 मार्च 2025 | कुल पृष्ठ- 18 | मूल्य : 25 रुपए







































# कॉटन की मांग जबरदस्त

## मिलों और व्यापारियों ने खरीदी 8.32 लाख गांठ

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

हालांकि कुछ समय पूर्व तक देश में कॉटन के भाव सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य यानि एमएसपी से नीचे बने हुए थे, क्योंकि मिलों और व्यापारियों की मांग कमजोर थी लेकिन गत दिनों कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया यानि सीसीआई की नीलामी में इन्होंने लगभग 8.32 लाख गांठ (प्रति गांठ 170 किलो) की खरीद की है। उल्लेखनीय है कि सीसीआई ने वर्ष 2023-24 सीजन की सारी कॉटन बेचने के बाद एक मार्च से चालु वर्ष 2024-25 सीजन की कॉटन बिक्री आरंभ की है।

आरंभ में कॉटन की बिक्री कम रही, लेकिन गत तीन दिनों में ही मिलों और व्यापारियों ने कुल 8.32 लाख गांठ कॉटन की खरीद की है। जानकारों का कहना है कि 17 मार्च को मिलों ने सीसीआई से 94,500 गांठ और व्यापारियों ने 11,900 गांठ यानि कुल 208,400 गांठ कॉटन की खरीदी की और सीसीआई ने 18 मार्च को 354,700 गांठ कॉटन की बेची, इसमें से मिलों ने 146,600 गांठ और व्यापारियों ने 208,100 गांठ की खरीद की है। दिलचस्प बात यह रहीं कि मिलों और व्यापारियों ने कॉटन की खरीद सीसीआई द्वारा निर्धारित न्यूनतम नीलामी मूल्यों की तुलना में 300-500 रूपए प्रति खंडी (प्रति खंडी 356 किलो) बढ़ाकर खरीदी की। बाजार में कॉटन की मांग को देखते हुए सीसीआई ने बुधवार की नीलामी में कॉटन के भाव 200-300 रूपए प्रति खंडी की बढ़ोतरी की। इसके बावजूद मिलों और व्यापारियों ने बेस प्राइस से 200-400 रूपए प्रति खंडी भाव बढ़ाकर खरीद की। मिलों ने बुधवार को 9,6000 गांठ और व्यापारियों ने 172,900 गांठ यानि कुल 268,900 गांठ की खरीद की।

शेषांश पृष्ठ 10 पर...






















# खूब बिके पारम्परिक परिधान

**उदयपुर/नवीन कोठारी**

आलोच्य पखवाड़े से होली के दिनों में महिलाओं द्वारा पहने जाने वाले पारम्परिक परिधान 'पीलिया और फागणियां' की जबरदस्त डिमाण्ड रही। वस्त्र व्यापारियों के यहाँ इन परिधानों का पर्याप्त स्टॉक रहने से बिक्री में सुविधा रही। इस बार होली पर लोगों ने जमकर वस्त्रों की खरीददारी की और त्योहार भी मनाया। वस्त्रों की आशानुरूप बिक्री से वस्त्र व्यापारियों के चेहरे भी खिल गए। होली से ही वातावरण में गर्मी का अहसास होने लगा और लोगों के तन से वस्त्र कम होने लग गए हैं। कॉटन वस्त्रों की डिमाण्ड अभी से बढ़ती देख वस्त्र व्यापारियों ने कॉटन वस्त्रों के ऑर्डर देना शुरू कर दिया है। जानकार बताते है कि इस बार गर्मी जबरदस्त पड़ने वाली है, इसलिए आगामी सीजन में कॉटन वस्त्रों की अच्छी डिमाण्ड रहने वाली है।




# आगामी सीजन की तैयारी में जुटे व्यापारी

**सतना/ बलराम शुक्ला**

विगत एक माह से बाजार में मंदी के चलते अब पहले वाली बात नहीं रही। एक समय था, जब फरवरी माह में थोक वस्त्र व्यापारी कपड़ा खरीदता था और बेचता भी था। स्थानीय होलसेलर श्री रमेश रामानी ने बताया कि पहले जैतपुर की साड़ी और सूट सबसे ज्यादा बिकती थी और व्यापारी सैंकड़ों गांठों का स्टॉक करके बैठता था, लेकिन आज वह सभी वैरायटियां चलन से बाहर हो गई है। पहले पाली, मुम्बई की साड़िया खूब बिकती थी, लेकिन अब चलन से बाहर हो गई है। उसके बाद सूटिंग-शर्टिंग का कारोबार भी कम हो गया और उसकी जगह रेडीमेड ने ले ली। इस समय रेडीमेड ब्लाउज और ब्रोकेड की अच्छी बिक्री चल रही है।










# व्यापारी अगले सीजन की तैयारी में

**आकोला/ राजेश जैन**

होली का त्योहार निकलने के बाद व्यापार की शुरूआत होती है। होली के पहले व्यापार शांतमय वातावरण में ही रहता है। अब व्यापारियों को दो से तीन माह का व्यापार दिखता है। इस कारण वह खरीदी में लग जाता है, लेकिन इस वर्ष अभी तक स्थिति साफ नहीं हुई है कि व्यापार चलेगा की नहीं, चलेगा तो किस समय तक चलेगा इसका व्यापारी कुछ अंदाज नहीं लगा पा रहे हैं। फिर भी व्यापारी खरीदी की तैयारी में लग गया है। गर्मी का प्रभाव विदर्भ एरिया (आकोला-नागपुर-अमरावती) में दिखाना शुरू हो गया है। वैसे हर साल जैसे-जैसे धूप की तपन बढ़ती है, वैसे-वैसे व्यापार में भी उत्साह बढ़ता है। हर साल अप्रैल-मई में व्यापार बढ़िया ही रहता है। एमएसएमई की समस्या भी व्यापारियों के सामने खड़ी है। व्यापार नहीं होने से पेमेंट कटने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारी डर-डर के माल की खरीदी में लगा है। मार्केट में सप्लायर्स को इस समय पेमेंट की जरूरत है, लेकिन व्यापार नहीं होने से सभी की निगाहें आगामी 15 दिनों में व्यापार सुधरने की ओर लगी है।

# लंबे अंतराल के बाद मार्केट में हलचल

**कोयंबटूर/ सुनील जैन**

एक लंबी मायूसी के बाद मार्केट में अब कुछ हलचल दिखाई देने लगी है। बदलते मौसम में जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती जाएगी, वैसे-वैसे बाजार में तेजी आने की उम्मीद है। रमजान की खरीददारी करने के लिए शाम को खुदरा बाजार में थोड़ी बहुत भीड़ दिखने लगी है, जो आगे जाकर बढ़ने की उम्मीद है। मार्केट में पेमेंट पोजीशन कुछ खास नहीं है। आसपास की मण्डियों से पेमेंट आ नहीं रहा है और यह पेमेंट अप्रैल में भी ऐसा ही रहने की उम्मीद है। स्कूल यूनिफॉर्म में वीविंग फैब्रिक की जगह नीटिंग फैब्रिक की डिमाण्ड ज्यादा है, क्योंकि नीटिंग फैब्रिक सस्ता, सुंदर एवं टिकाऊ है और गारमेण्ट बनने के बाद साइज का भी कोई बड़ा मुद्दा नहीं रहता है। समय के साथ-साथ परिवर्तन बहुत जल्दी-जल्दी हो रहा है और छोटे व्यापारियों के लिए बदलाव करना मुश्किल हो रहा है।

# कपड़ा उत्पादन को गति मिलने की संभावना

**कोल्हापुर/राहुल खाड़े...** पिछले कुछ दिनों से शेयर मार्केट में अस्थिरता है, जिसका मुनाफा वस्त्रोद्योग को हो रहा है। शेयर मार्केट में रूची लेने वाले व्यापारी फिर से कपड़ा खरीदी-बिक्री की ओर रूख कर रहे हैं, जिसके चलते कपड़े की दर में बढ़ोतरी तो नहीं हुई है, लेकिन मांग आ रही है। अब तक तो पावरलूमधारकों में कुछ अच्छे हालात है एवं मांग बढ़ने के चलते पावरलूमधारकों ने उत्पादित किए कपड़े का साठा कम हो रहा है, जिससे आने वाले दिनों में कपड़ा उत्पादन को गति मिलने की संभावना है। बीते कुछ सालों में तेजी-मंदी के चलते वस्त्रोद्योग में बड़ी अस्थिरता का असर कई कपड़ा व्यापारियों पर हुआ था, जिससे बड़े शहरों के कई कपड़ा व्यापारियों ने अपना रूझान शेयर मार्केट की ओर मोड़ा था, ऐसे में उत्पादित कपड़े की मांग नहीं आ रही थी। वहीं दूसरी ओर पावरलूमधारक कारखाना बंद नहीं रख सकते थे और नुकसान उठाकर कपड़े का उत्पादन कर रहे थे, जिससे उत्पादित कपड़े का साठा पावरलूमधारकों की ओर बढ़ रहा था। अब फिर से वस्त्रोद्योग के अच्छे दिन आ रहे हैं। इचलकरंजी का उत्पादित 70 से 80 फीसदी कपड़ा मुम्बई, दिल्ली, कोलकाता और अहमदाबाद जैसे बड़े शहरों में जाता है। शहर के कपड़ा व्यापारी वस्त्रोद्योग के तेजी-मंदी से परेशान होकर शेयर मार्केट की ओर मुड़े थे, जिससे शेयर मार्केट की बजाए पारंपरिक कपड़ा खरीदी-बिक्री की ओर व्यापारी फिर से मुड़े है। शेयर मार्केट में हो रही अस्थिरता के कारण कई व्यापारी फिर से कपड़ा खरीदी-बिक्री की ओर मुडे है, जिससे वस्त्रोद्योग में खुशी का माहौल है।

# सीकर व्यापार महासंघ रजिस्टर्ड ने सम्मेलन में पोर्टल किया शुरू

**सीकर/राजकुमार शर्मा**

सीकर व्यापार महासंघ रजिस्टर्ड का होली प्रीति महासम्मेलन रविवार को मनाया गया। श्री रुघजी चौधरी संस्थापक अध्यक्ष को पुष्प अर्पित किए गए। व्यापार संघ की नवीन कार्यकारिणी एवं पदाधिकारियों को एडवोकेट पुरुषोत्तम शर्मा ने शपथ दिलवाई। समारोह में नीलम मिश्रा, प्रमिला सिंह, वक्त ा लीग प्रूफ विशेषज्ञ राज खान एवं इतिहासकार महावीर पुरोहित मुख्य अतिथियों सहित अध्यक्ष श्री अरुण भूकर का भी सम्मान किया गया। इस दौरान व्यापार महासंघ रजिस्टर्ड के पोर्टल का शुभारंभ किया गया। अध्यक्ष श्री अरुण भूकर ने पोर्टल के बारे में बताया कि आने वाले समय में महासंघ के व्यापारी इस पोर्टल पर रजिस्टर्ड होंगे और अपनी शिकायत बता सकेंगे। इस दौरान मंच का संचालन श्री राजेंद्र मधुंचर ने किया। संगठन की जिम्मेदारी - सर्वश्री कृष्णा शर्मा, विजेंद्र रणवा, नवीन अग्रवाल को उपाध्यक्ष, विश्वनाथ साबू, जगदीश चौकड़ीका, सुभाष भगवानराम नेहरा को संरक्षक, मोहनलाल सोनी, लालचंद जांगिड़, शिवभगवान भूकर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नीलम मिश्रा, ज्योति तनवानी, सरिता पेसवानी, संजू गोदारा को महिला अध्यक्ष, प्रमोद काबरा, राजेंद्र पहाड़िया को मुख्य सलाहकार, राजेंद्र मधुकर, इकबाल गौड़, हेमंत महरिया को मीडिया प्रभारी, संदीप ओला, राहुल पारीक, मुकेश गढ़वाल को महामंत्री, शेर सिंह सुंडा, अनिल खेतान, इम्तियाज गौरी को कोषाध्यक्ष, उद्देश घासोलिया, सुभाष मिश्रा को वित्त सलाहकार, बनवारीलाल सैनी, मनोज भूकर, रवींद्र गहलोत को संगठन मंत्री, मुकेश कुड़ली, महावीर जांगिड़, पीयूष पारीक को मंत्री, रवि नेहरा को पोर्टल हैड, प्रेमचंद मूंड, प्रशांत तिवाड़ी, अशोक मीणा को संयुक्त सचिव बनाया गया है।




















Follow us

textileworld.tw

Brand Promotion & Textile News





Available at all the leading retail outlets and Siyaram's Shops across the country. For trade/corporate enquiries, contact: 022-68330500. Toll-free No.: 1800 209 4005. For franchise enquiries, contact: 09820197273.

Email: enquiries@siyaram.com | www.siyaram.com Follow us on: You Tube


modella
Since 1965
We Weave Warmth!
CLASSIC
BLAZER
modella
Fashion
FINEST TWEED FABRICS
FOR TRADE ENQUIRY : Contact : 82640-40737 | Website : www.modella.in | Email: modella.wool@gmail.com


PICASSO
by BAIRD
Cotton
Picasso presents
fine digital prints in
SUPER LUXURY COTTON
www.listeningpostdesign.com
For Agent/Dealer enquiries, reach us at: Call: +91 9340605633 | Whatsapp: +91 9992514747 | Write to: helloburgoyne@bairdlinen.com
AVAILABLE AT ALL LEADING RETAIL OUTLETS | Follow us on /@bairdcottonofficial | /@bairdcotton_official | www.bairdcotton.com
Burgoyne & BAIRD Cotton are registered trademarks of WFB BAIRD & COMPANY (INDIA) PVT. LTD.
HOUSE OF BURGOYNE IRELAND
ESTD. 1912

# उद्यमियों ने सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया होली पर्व

**बालोतरा/ लालचंद पुनीत**

ग्राहकी सामान्य स्तर पर रहने के उपरांत गत दिनों उत्पादक उत्पादन लेने में विशेष सक्रिय रहे है। हाल ही, होली अवकाश के कारण जल प्रदूषण नियंत्रण एवं निवारक संयंत्र प्रदूषित जल का शोधन 24 मार्च से पुनः प्रारम्भ हो सकेगा। फिलहाल, 13 मार्च से सीईटीपी में कारखानों से निष्कासित जल शोधन का कार्य बंद है। श्रमिकों को इस बात की जानकारी मिलते ही सभी अपने गृह ग्रामों को कूच कर गए हैं, जिससे औद्योगिक क्षेत्र में विरानी-सी छा गई है। सभी कारखानों में शांति का माहौल है। यूपी, बिहार के मजदूरों के साथ स्थानीय श्रमिक भी अब कारखानों में दिखाई नहीं पड़ते।

धुपाई का बिठूजा केंद्र ने कई दिनों पूर्व अपना कार्य बंद कर दिया है। ग्रे क्लॉथ के भाव स्थिर होने से भावों में मंदी आने की संभावना को उत्पादक दिल में छिपाए है, परंतु अनुभवी उद्यमियों के अनुसार आगे बाजार अच्छा चलेगा और तेजी का बोलबाला होगा। पेमेंट की आवक, जो अभी कमजोर बनी हुई है, वह अप्रैल में निश्चित रूप से सुधरेगी। वास्तविकता यह है कि शेयर बाजार में भयंकर मंदी ने व्यापारियों व उद्यमियों को झकझोर डाला है, इससे वे लक्षित बिंदु पर रहने से कतराते प्रतीत होते हैं। विद्यमान परिस्थिति में भी नामचीन ब्राण्डों का माल गति के साथ चालानी पा रहा है। प्रतिस्पर्धा की बहुलता के बावजूद गुणवत्तायुक्त माल की कद्र दिसावरी मण्डियों में ज्यों की त्यों बनी हुई है। उद्यमियों ने होली का पर्व बड़े ही सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया और किसी अप्रिय घटना के न होने से शालीनता का परचम लहराया। लोगों ने अलग-अलग टोलियां बनाकर फाग गीतों का लुत्फ उठाया। स्थानीय विद्यालयों में होली पर्व का आनंद अनूठा रहा। बाजार में व्यापारियों व नागरिकों ने इलोजी की पूजा अर्चना कर प्रसाद को प्राप्त किया। यहाँ इलोजी की विशाल प्रतिमा के समक्ष लोगों ने मन्नत मांगी व गीतों की मधुर ध्वनि से सभी में उत्साह की सरिता उमड़ पड़ी। बताया जाता है कि पोपलीन, नाइटी क्लॉथ, रूबिया, पौकेटिंग क्लॉथ, पेटीकोट, रेयॉन में जो शिथिलता का बोध हो रहा था, अब उसमें पर्याप्त सुधार के संकेत मिल रहे हैं। इससे लगता है निकट भविष्य में उत्पादकों को पर्याप्त काम के साथ लाभप्रदता से संतुष्टि होगी। सूत्रों के अनुसार उद्यमी जो गारमेण्ट का कार्य करते हैं, उनके पास ऑफरों की कमी नहीं है। टेक्नोलॉजी टेक्सटाइल के कुछ उत्पादों पर सरकार का ध्यान इस क्षेत्र की ओर गया तो अपना वर्चस्व कायम करने में सफल होगा।




## होली बाद सूती वस्त्रों में पूछ-परख बढ़ी

**माधवनगर/ सत्यनारायण पलोड़**

दिसावर की कपड़ा मण्डियों में होली के बाद सूती कपड़ों की पूछ-परख शुरू हो गयी है। बाजार में धोती, मलमल व पोपलीन की मांग को देखते हुए होलसेल व रिटेल दुकानदारों ने मोलभाव व खरीदी करना प्रारंभ कर दिया है। वैवाहिक सीजन को देखते हुए बड़ी तैयारी में लगे हुए हैं। रेडीमेड व ड्रेस मटीरियल में भी बम्पर डिमाण्ड दिखाई दे रही है। सूती धोती, मलमल एवं पोपलीन की विशेष मांग है, लेकिन होली के बाद ग्राहकी एकदम धीमी हो गयी है, फिर भी कपड़ा व्यापारी खरीदी में रूचि ज्यादा दिखा रहे हैं। ग्रे कपड़ों में थोड़ी तेजी मंदी देखने को मिली है। धोती में भी इस बार बढ़िया मांग देखने को मिल रही है। हालांकि, धोती बनाने वाले अब बहुत कम हो गए हैं।












# यार्न से लेकर फैब्रिक उत्पादन में अग्रणी ब्राण्ड BSL LTD.

## भारत टेक्स 2025 में ब्राण्ड का उत्कृष्ट रहा डिस्प्ले

नई दिल्ली/ देश एवं अंतरराष्ट्रीय टेक्सटाइल उद्योग समुह LNJ ग्रुप के प्रतिष्ठित एवं अग्रणी ब्राण्ड **BSL LTD.** यार्न से लेकर फैब्रिक उत्पादन में लोकप्रियता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। बाजार की मांग के साथ कम्पनी द्वारा उत्पादित समस्त उत्पादों को बाजार से खूब प्रशंसा प्राप्त हो रही है। यार्न से लेकर फैब्रिक की समस्त आकर्षक रेंज एवं प्रॉडक्ट्स का डिस्प्ले हाल ही नई दिल्ली में आयोजित भारत टेक्स एक्सपो में किया गया, जहाँ सभी रेंज का अवलोकन कर आगंतुक विजिटर्स ने सभी उत्पादों की सराहना की

चार दिवसीय आयोजित भारत टेक्स में **BSL LTD.**ने अपने बहुआयामी एवं वैश्विक उत्पादन जिसमें प्रमुख रूप से सिंथेटिक्स सूटिंग, वर्स्टेड यार्न कॉटन एवं वूल/सिल्क यार्न का प्रदर्शन किया। यार्न डिवीजन की तरफ से वूल/सिल्क, पोलीवूल 100 प्रतिशत विस्कोस मिलांज यार्न की विशाल शेड रेंज की आंगतुकों ने विशेष सराहना की। वहीं पर सूटिंग डिवीजन में सस्टेनेबल रेंज के साथ ही जैकॉर्ड, **Wool/Cashmere, Wool/Alpaca, Wool/Angora, Pure Wool, Poly/Bamboo** का राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय व्यापारियों एवं फैशन डिजाइनर्स ने विशेष सराहना की। होम फर्निशिंग विभाग ने अपनी विशाल प्रॉडक्ट रेंज के साथ ही वाइडर विड्थ प्रॉडक्ट्स को लॉञ्च किया।

कम्पनी के मैनेजिंग डायरेक्टर **श्री निवेदन चुड़ीवाल** ने इस आयोजन की विशेष सराहना करते हुए बताया कि **BSL** का प्रमुख उद्देश्य नवीन प्रॉडक्ट्स के साथ ग्राहकों को क्वालिटी एवं समय पर डिलिवरी पर फोकस रहता है। कम्पनी के युवा डायरेक्टर **श्री वरेण्य चुड़ीवाल** ने कहा कि हम निकट भविष्य में काफी नये प्रॉडक्ट्स एवं प्रॉडक्ट्स लेकर आने वाले हैं। नवीनता के साथ ग्राहकों की संतुष्टी ही हमारा मुख्य ध्येय है।

कम्पनी के डायरेक्टर ऑपरेशन एवं सीएफओ **श्री प्रवीण जैन** ने आयोजन को उत्कृष्ट बताते हुए सरकार का धन्यवाद किया एवं बताया कि **BSL** बहुआयामी व्यवसाय में कार्यरत है। श्री जैन ने बताया कि इन चार दिनों में **BSL** के प्रॉडक्ट रेंज एवं स्टॉल ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय विजिटर्स का विशेष ध्यानाकर्षण किया एवं कम्पनी के उत्पादकों की सराहना की।











TESSITURA MONTI INDIA
TESSITURA MONTI INDIA PVT. LTD.

Mill:
Gat No. 147, Village Tamgaon, Post - Sangavde, Tal. Karveer, Kolhapur - Hupari Road, Dist. Kolhapur - 416202. Maharastra. INDIA. Tel. No : +91 231 2682900 Email : info@monti.co.in

Corporate Office :
77, Jodh Towers, 4th Floor, Lalbagh Road, Bengaluru - 560027, INDIA. Tel. No : +91 80 40500288
Email : office@monti.co.in Website : www.monti.co.in

Tessitura Monti India Pvt.Ltd. BORN IN ITALY 1911

Auth. Distributors : Maharashtra - M/s Decott Fashions , Mumbai Gujarat & Rajasthan - M/s Advin, Ahmedabad TamilNadu - M/s Bajrang Clothing, Chennai
Karnataka & Goa - M/s Popular Enterprises, Bengaluru Karnataka, Goa, AP & Telangana - M/s Modern Impex, Bengaluru West Bengal & Bihar - M/s Shree Paras Synthetics, Kolkata
Delhi NCR, UP, Punjab, Haryana, J&K - M/s Worldwide Fashions (RI), Delhi AP & Telangana - M/s SHA Hirachand Jawanmal & Co.(SHJ),Bengaluru

# करोड़ों के प्रावधान से वस्त्रोद्योग को अलग-अलग योजना के लिए सहूलियत लागू

**कोल्हापुर/ राहुल खाड़े**

राज्य शासन के अर्थसंकल्प में वस्त्रोद्योग के लिए लगभग 774 करोड़ रूपए की निधि से अलग-अलग योजनाएं आगे भी शुरू रहेगी। साथ ही महाराष्ट्र टेक्निकल टेक्सटाइल मिशन की घोषणा से बड़ा निवेश करने वाले बड़े वस्त्रोद्योगों को मुनाफा होगा। वहीं दूसरी ओर इस अर्थसंकल्प में सीधे पावरलूम के लिए उन्नति का कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। टेक्निकल टेक्सटाइल को गति देने के लिए महाराष्ट्र शासन ने महाराष्ट्र टेक्सटाइल मिशन की स्थापना करने की घोषणा की है। इसके जरिए टेक्निकल टेक्सटाइल का संशोधन, उत्पादन और इस्तेमाल इसके लिए होगा, लेकिन सीधे पावरलूम अथवा अत्याधुनिक पावरलूम के लिए इसका कोई उपयोग नहीं है।

जानकारों ने बताया कि टेक्निकल टेक्सटाइल के लिए बड़े निवेश की जरूरत है, जिससे बड़े वस्त्रोद्योगों के लिए यह फैसला आने वाले दिनों में बड़ा फायदेमंद साबित होगा। वस्त्रोद्योग में अलग-अलग घटकों के लिए सहूलियत दी जाती है, जिसके चलते यह सहूलियत आगे भी शुरू रहेगी, लेकिन नई योजना के लिए प्रावधान नहीं है। इस बीच कपास उत्पादक किसानों की ओर ज्यादा ध्यान देना सरकार ने तय किया है। कपास उत्पादन में बढ़ोतरी होने के साथ अच्छे दर्जे की कपास उत्पादन के लिए सरकार ने कदम उठाए हैं, जो वस्त्रोद्योग के लिए अच्छी बात है। इचलकरंजी पावरलूम विव्हर्स को-ऑपरेटिव एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री चंद्रकांत पाटील ने कहा कि बिजली सहूलियत आगे शुरू रहने के साथ सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग के लिए नई नीति जल्द ही लागू होने वाली है, जिसका फायदा वस्त्रोद्योग को होगा।
















# दर्शन वालजी का मेगा यूनिफॉर्म डिस्प्ले राजकोट में उत्साह के साथ संपन्न






मुम्बई/ यूनिफॉर्म फैब्रिक के लीडिंग ब्राण्ड **'वालजी'** द्वारा निरंतर भारत के अलग-अलग शहरों में फैब्रिक डिस्प्ले का आयोजन किया जा रहा है। कम्पनी द्वारा 6 मार्च 2025 को आरपीजे होटल, राजकोट में अपने स्थानीय चैनल पार्टनर श्री नाकोड़ाजी टेक्सटाइल के तत्वावधान में मेगा यूनिफॉर्म फैब्रिक डिस्प्ले किया गया, जहाँ राजकोट बीजेपी के प्रेसीडेन्ट श्री मुकेश भाई दोषी, शिक्षण समिति के चेयरमैन श्री विक्रम भाई पुजारा, सामाजिक कार्यकर्ता श्री मनसुख भाई वाद्यसिया, बिरला सेल्यूलोस के श्री मणिकान्त, डीलर श्री भावेश भाई एवं कम्पनी के डायरेक्टर श्री किशोर कोठारी सहित उपस्थित गणमान्य व्यापारियों के मध्य फीता काटकर दीप प्रज्वलित किया गया।

DARSHAN Valji®
INDIA'S UNIFORM EXPERTS

**'वालजी'** के डायरेक्टर श्री किशोर कोठारी ने बताया कि कम्पनी की पूरी टीम इन मेगा डिस्प्ले से उत्साहित है। हम आज हर सेक्टर के लिए यूनिफॉर्म का उत्पादन कर रहे हैं। हमारे पास करीबन 5000 डिजाइंस का महाकलेक्शन हर समय तैयार रहता है। कम्पनी के चैनल पार्टनर श्री नाकोड़ाजी टेक्सटाइल के मालिक श्री भावेश भाई ने बताया कि **'वालजी'** द्वारा इस वर्ष यूनिफॉर्म फैब्रिक में अनेक डवलपमेण्ट किये गये, जो व्यापारियों को खूब पसंद आ रहे हैं। कम्पनी द्वारा स्कूल यूनिफॉर्म, कॉर्पोरेट सेक्टर के लिए अनेक रेंज बनाई, जो बाजार में धड़ल्ले के साथ बिक रही है।















Available at all leading retail outlets and Siyaram's Shops across the country. For trade/corporate enquiries, contact: 022-68330500. Toll-free No.: 1800 209 4005.
For franchise enquiries, contact: 09820197273. Email: enquiries@siyaram.com | www.siyaram.com Follow us on:

asharfi®
FABRICS
A Royal Product for Royal Class

Manufacturer of unique combos in Industry

PEOPLES CHOICE
HELD AT VARIOUS CONFERENCES 2023-2024

SCAN FOR CATALOGUE



Combos / Safaris / Suit Lengths / Ethnics

Currently Working With Some Leading Wholesalers & Distributers Across India

**Asharfi Fabrics Pvt. Ltd.**

**For Trade Enquiry**: - Call **-87088-98361, 92540-41864**

Website: www.asharfi.in | E-mail:customercare@asharfi.in | Panipat, Haryana ( 132103) Follow Us on :-

## सम्पादकीय....

# सुनीता विलियम्स ने बनाया नया कीर्तिमान

अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की सुरक्षित वापसी वैज्ञानिक उपलब्धि है, इससे भावी अंतरिक्ष अभियानों के लिए नई संभावनाएं और नई राहें खुलने की उम्मीद है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र में नौ महीने रहने के दौरान सुनीता ने न तो अपना हौसला खोया और न ही अपना समय गंवाया। पूरे आत्मविश्वास और धैर्य के साथ कार्य करती रहीं। किसी न किसी दिन उन्हें लौटना है, इस विश्वास के साथ सदैव सकारात्मक रहीं।

एक बार तो उन्होंने कहा कि किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। वैसे भी वैज्ञानिक और अंतरिक्ष यात्री सभी जोखिमों के लिए तैयार रहते हैं। जाहिर है कि सुनीता भी इसके लिए तैयार थी। वह अंतरिक्ष में परीक्षण उड़ान पर गई थी और आठ दिन बाद उन्हें लौटना था, परंतु तब यह नहीं पता था कि वापसी के समय स्टारलाइनर में तकनीकी खराबी आ जाएगी।

अंतरिक्ष केंद्र में रहने के दौरान न केवल उन्होंने अपना अध्ययन जारी रखा, बल्कि कई अनुसंधान और प्रयोग भी किए। नौ महीने अंतरिक्ष में रहने का नया कीर्तिमान भी बनाया। इस बीच अंतरिक्ष यात्रियों को लाने के लिए नासा ने पूरी ताकत लगा दी, लेकिन तकनीकी दिक्कतें इतनी थी कि अभियान अधूरा होता लग रहा था। मगर स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल की मदद से सुनीता और बुच विल्मोर के साथ निक हेग और अलेक्जेंडर गोरबुनोव को भी फ्लोरिडा के तट पर उतार लिया गया।

यह पहली बार है जब कोई अंतरिक्ष मिशन इतना लंबा खिंचा। जून 2024 में बोइंग के स्टारलाइनर से दोनों अंतरिक्ष यात्री गए थे और वहाँ अटक जाने के बाद सुनीता और विल्मोर अंतरिक्ष केंद्र के पूर्णकालिक सदस्य की तरह हो गए थे। इस दौरान सुनीता ने कई कीर्तिमान अपने नाम किए। अंतरिक्ष में फंसे रहने पर भी उन्होंने हिम्मत और धैर्य नहीं खोया तथा कभी कोई शिकायत नहीं की।

### करोड़ों लोग सुनीता की कुशलता के लिए करते रहे प्रार्थना

इस दौरान उनसे भावनात्मक रूप से जुड़े रहे करोड़ों लोग उनकी कुशलता के लिए प्रार्थना करते रहें। अब उनके लौट आने के बाद वैज्ञानिक अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के प्रभावों का गहन अध्ययन कर सकेंगे और भविष्य में मंगल तथा चाँद पर जाने और वहाँ मनुष्यों के रहने की संभावनाएं तलाशी जा सकेंगी। आखिरकार नए अनुभवों से साक्षात्कार का ही नाम विज्ञान है।

## कुछ नया, कुछ अलग •

# नारी भारत का सम्मान है, अभिमान है, नारी ही आधुनिक समाज की पहचान है -हरेश मेहता



श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

नमस्ते मित्रों,

आज का विषय नारी शक्ति को समर्पित है। संस्कृत में एक सुंदर वाक्य है -'यस्य पूज्यंते नार्यस्तु तत्र रमन्ते देवता' अर्थात् 'जहाँ नारी को देवी मानकर पुजा जाता है, वहाँ स्वयं भगवान निवास करते हैं।' कुछ दिनों पहले हमने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। समाज में महिलाओं की उपलब्धियों को सलाम करने, समाज में लैंगिक समानता बढ़ाने और महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को रोकने के लिए हर साल 08 मार्च को महिला दिवस मनाया जाता है। वर्ष 1910 में कोपेनहेगन में आयोजित एक सम्मेलन में वामपंथी जर्मन महिला क्लारा जेटकिन और उनके साथियों ने इस दिन को मनाने का प्रस्ताव रखा, जिसे बाद में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया गया।

भारत में भी शिक्षा, विज्ञान, टेक्नोलॉजी, मेडिसन, राजनीति, कला, व्यापार, बैंकिंग, खेल, मीडिया इत्यादि क्षेत्रों में महिलाओं ने अपना उत्कृष्ट योगदान दिया है। सावित्री बाई फुले, दुर्गाबाई देशमुख, महादेवी वर्मा जैसी महिलाओं ने शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने में प्रमुख भूमिका निभाई है। भारत की पूर्व प्रधानमंत्री 'आयरन लेडी' इंदिरा गांधी ने वर्ष 1971 के युद्ध के दौरान किए नेतृत्व को कौन भूल सकता है? प्रतिभा देवी पाटिल और मौजूदा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिला के तौर पर भारत के महामहिम राष्ट्रपति के पद को गौरवान्वित किया है।

'स्वर कोकिला' लता मंगेशकर, आशा भोसले, किशोरी आमोनकर ने संगीत के क्षेत्र में, वहीं अमृता शेरगिल ने चित्रकला के क्षेत्र में खूब नाम कमाया। अरूंधति भट्टाचार्य स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की पहली महिला अध्यक्ष बनी और किरण मजूमदार शॉ ने मशहूर फार्मास्युटिकल ब्राण्ड बायोकोन बायोलॉजिक्स लिमिटेड की स्थापना की। खेल के क्षेत्र में साइना मिर्जा हो या साइना नेहवाल, ओलिम्पिक मेडल विजेता मैरी कॉम, पीवी सिंधु, साक्षी मलिक, मीराबाई चानु सभी ने भारत को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया है। भारत में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जिसमें महिलाओं का योगदान न दिखाई देता हो। यहाँ तक की भारतीय सेना में भी महिलाएं हर मोर्चे पर तैनात नजर आती हैं। भारत की जांबाज महिलाएं लड़ाकू विमान भी उड़ा रही है और नौसेना के जहाज भी चला रही हैं। किसी समय महिलाओं को कमजोर समझा जाता था, लेकिन आज इन्होंने अपने परिश्रम, सामर्थ्य और बुद्धि के बलबूते पर हर क्षेत्र में बाजी मार ली है।

हालाँकि, भारतीय समाज में आज भी महिलाओं को लेकर दोहरे मापदंड देखे जाते हैं। आज भी हमारे देश में लड़कियों को पैदा होने से पहले ही मार दिया जाता है। 'पढ़-लिखकर कौन-सा तीर मार लोगी?' कहकर उन्हें शिक्षा से वंचित रखा जाता है। कई परिवारों में लड़कियों के सपनों को कुचला जाता है। उन्हें अपनी मर्जी के अनुसार जीवन जीने की स्वतंत्रता नहीं होती। महिलाओं के विरुद्ध होने वाले जघन्य अपराधों में भारत का नाम शीर्ष पर आता है। भारत में हर साल तकरीबन 4 लाख बलात्कार, छेड़खानी, घरेलू हिंसा, अपहरण, एसिड अटेक, ऑनर किलिंग, यौन शोषण, भ्रूण हत्या जैसे महिला विरुद्ध अपराध दर्ज किए जाते हैं।

एक सर्वेक्षण के अनुसार वर्ष 2022 के दौरान भारत में हर दिन औसतन 1200 महिला विरुद्ध अपराध दर्ज किए गए, यानि हर घंटे तकरीबन 50 मामले दर्ज हुए। बलात्कार के मामलों में अक्सर देखा गया है की 90 से 95 फीसदी केस में आरोपी पीड़ित महिला के जान-पहचान वाले होते हैं। हमें अगर विकसित देश बनाना है तो महिलाओं के खिलाफ होने वाले भेदभावों को समाप्त कर उन्हें शिक्षा, स्वतंत्रता, सम्मान और समान अवसर प्रदान करने ही होंगे, क्योंकि किसी भी राष्ट्र की प्रगति तब तक संभव नहीं है, जब तक उस देश की महिलाएँ सशक्त न हो। याद रखना, जिस समाज में महिलाएँ अपने-आप को सुरक्षित महसूस नहीं करती, वह समाज कभी भी तरक्की नहीं कर सकता। मैं आज के लेख का अंत महात्मा गांधी के एक सुविचार से करना चाहूँगा-

**'एक आदमी को पढ़ाओगे तो एक ही व्यक्ति शिक्षित होगा,**
**लेकिन अगर एक स्त्री को पढ़ाओगे तो पूरा परिवार शिक्षित होगा।'**

Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111

# कोट्टी द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन



**कोलकाता/ रतन लाल पण्डित**

चेंबर ऑफ टेक्सटाइल ट्रेड एंड इंडस्ट्री (कोट्टी) द्वारा होली मिलन कार्यक्रम कला मंदिर सभागार में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में कोट्टी के अध्यक्ष श्री महेंद्र जैन ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कविता केवल शब्दों का संकलन नहीं, बल्कि हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति, समाज का दर्पण और हमारी संस्कृति की झलक है। यह मंच उन शिल्पियों का सम्मान करता है जो अपने विचारों और भावनाओं से हमें प्रेरित करते हैं और कभी-कभी हमें सोचने पर मजबूर कर देते हैं। होली केवल रंगों का ही नहीं भावनाओं का भी त्योहार है और जब कवि बोलते हैं तो हर शब्द गुलाल बन जाता है।

श्री जैन ने कहा कि जब भी व्यापारी हित की बात होती है चेंबर हमेशा अपने सदस्यों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहता है। बात चाहे, टेक्सेशन की, पेमेंट या लेबर संबंधी हो या अन्य किसी भी तरह की व्यापारिक समस्या हो चेंबर ने हमेशा अपने सदस्यों के हितों की रक्षा के लिए काम किया है और आगे भी करता रहेगा। श्री जैन ने कहा कि युवा पीढ़ी से अनुरोध करता हूँ कि वह चेंबर के रोजमर्रा के कार्यकलापों में विभिन्न सब कमेटियों के माध्यम से जुड़े और अपना योगदान दे, ताकि हम चेंबर को नयी ऊँचाइयों तक ले जा सके। साथ ही सामाजिक और राष्ट्रीय उत्तरदायित्व की जब-जब जरूरत पड़ी है चेंबर ने अपना धर्म निभाया है। पिछले वर्ष स्थानीय विशुद्धानंद हॉस्पिटल में चेंबर द्वारा लिफ्ट की व्यवस्था की गई, जिससे वहाँ आने वाले रोगियों एवं उनके परिजनों को काफी सहायता मिल रही है। जब देवभूमि उत्तराखंड में सन् 2013 में प्राकृतिक आपदा आई थी उस समय रुद्र प्रयाग के गुप्त काशी में चेंबर द्वारा एक स्कूल की स्थापना की गई थी। तत्पश्चात् कोट्टी के मंत्री श्री देवेंद्र कुमार बोथरा ने सभी कवियों का परिचय अपने हास्यमय अंदाज में करवाया। उन्होंने कहा कि देश के चुने हुए कवि आज यहाँ पर कवि सम्मेलन हेतु हमारे आमंत्रण पर विशेष रूप से पधारे हैं। कोट्टी द्वारा पिछले कई वर्षों से लगातार होली के अवसर पर हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है एवं आप सबकी गरिमामय उपस्थित से हमारा यह कार्यक्रम सदैव सफल होता है। पी आर कमेटी के सदस्यों द्वारा आमंत्रित कवियों का स्वागत सम्मान किया गया। इसके पश्चात आमंत्रित कवि श्री सुरेंद्र यादवेन्द्र, श्री अजातशत्रु, श्री चिराग जैन, श्री अशोक चारण एवं श्रीमती शुक्ला ने अपनी हास्य व्यंग्य की कविताओं से श्रोताओं को आनंदित कर दिया। कार्यक्रम में कोट्टी के अध्यक्ष श्री महेंद्र जैन, पूर्व अध्यक्ष श्री मुरारी लाल खेतान, श्री विजय कुमार विनायकिया, श्री अरुण भुवालका, उपाध्यक्ष श्री संजय तोदी, मंत्री श्री देवेंद्र कुमार बोथरा, सह मंत्री श्री विजय सिंह जैन बावलिया एवं श्री आयुष पोद्दार व अन्य वरिष्ठ सदस्य उपस्थित थे। पी आर कमेटी के चेयरमैन श्री देवकीनंदन तोदी ने धन्यवाद किया। को-चेयरमैन विनोद केड़िया एवं सदस्य सर्वश्री आशीष झुनझुनवाला, राधे बुधिया, प्रभु लोहिया, विकास लखोटिया, अजय सिंघी, धर्मेंद्र सेठ, घनश्याम दास बंग, सरोज सिंघल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में अपनी सक्रिय भागीदारी दी। इस अवसर पर लक्की ड्रॉ के माध्यम से सदस्यों को उपहार वितरण के साथ लगभग 1000 सदस्यों व उनके परिजनों ने अल्पाहार एवं शानदार कवि सम्मेलन का आनंद लिया। मंत्री श्री देवेंद्र कुमार बोथरा ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।



## YARN Rate यार्न रेट्स 20 मार्च, 2025

**C.T.M.**
PH. 247511, 247512, 9829045130

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | ---- |
| 2/18 Dyed | ---- |
| 2/40 Dyed | ---- |
| 2/30 Frosted | ---- |
| 2/30 Dyed Slub | ---- |
| 2/30 School Dress Clourer | ---- |

**R.T.M** Mob: 9829047404

| | |
|---|---|
| 2/30 Dyed Ntbl | 220 |
| 2/40 Dyed | 260 |
| 2/30 Frosted | 218 |

**SRM Spinners** Mob. 8078660873

| | |
|---|---|
| 2/18 PV Diamond | 158 |
| 2/18 PV Navy 85:15 | 168 |
| 2/18 PV Black 70:30 | 187 |
| 2/18 R Navy 70:30 | 180 |
| 1/15 Poly Black | 122 |
| 20 PV Black | 144 |
| 15 PV Black | 140 |
| 2/30 PV 65/35 Black | 185 |

**PANIPAT YARN- 9416031498**

| | |
|---|---|
| **TEXTURISE** | |
| 150 Roto Grey. | 108-155 |
| 150 Roto Black. | 112-158 |
| 150 Roto Bright. | 127-147 |
| 150/250 grey. | 116-157 |
| 150/250 dyed | 128-174 |
| 150 FDY. | 130 |
| **P.V. Yarn** | |
| 2/20 Grey CL | 132 |
| 2/40 POLY | 177 |
| 2/15 Poly Grey | 122 |
| 2/20 Poly CL | ----- |
| 20 Poly CL | 115 |
| **Cotton Yarn** | |
| 4 cone OE | 64-115 |
| 6 cone. OE | 66-166 |
| 10 cone OE | 96-120 |
| 2/4 cone OE | 96-166 |
| 2/6. OE | 103-180 |
| 2/8 OE | 104-182 |
| 2/10 OE. | 114-230 |
| 2/20 OE. | 226-308 |
| 2/30 RF. | 304-428 |
| 2/40 RF | 304-412 |
| **STAPLE YARN** | |
| 10 CONE | 203 |
| 15 CONE | 207 |
| 20 CONE | 215 |
| 2/15 CONE | 217 |
| 2/40 CONE | 269 |

**Raghav Group (94141-11402)**
Email: sheetal@raghavindia.com

| COUNT | RATE |
|---|---|
| **TRIDENT LIMITED** | |
| 1/10 OE | 166 |
| 1/14 OE | 164 |
| 1/16 OE | 167 |
| 1/20 OE | 196 |
| 30 KW | 269 |
| 30CWC | 276 |
| 2/40 CW ELLY | 264 |
| 40 CW COMPACT | 322 |
| 50 CW COMPACT | 392 |
| **ANKUR UDYOG LIMITED** | |
| 1/30 POLY 100% | 159 |
| 1/20 POLY 100% | 149 |
| 1/15 POLY 100% | 144 |
| **SIDDHARTHA SUPER SPG MILLS** | |
| 2/15 P/V DYED OLIVE GREEN | 196 |
| 2/18 P/V BLACK | 170 |
| 2/30 P/V BLACK | 235 |
| **LNJ DENIM** | |
| 6 OE | 165 |
| 7 OE | 167 |
| 10 OE | 178 |
| 10 LYCRA | 259 |
| 10 SLUB LYCRA | 280 |

**VISAKA IND. LTD.**
PH. 93514-27900

| | |
|---|---|
| 2/20 Poly Grey@ | 158 |
| 2/24 Poly Grey@ | 164 |
| 2/30 Poly Grey@ | 169 |
| 2/40 Poly Grey@ | 196 |
| 2/60 Poly Grey@ | 257 |
| 2/76 Poly Grey@ | 315 |
| 2/30 PV Black @ | 218 |
| 2/40 PV Black @ | 258 |
| 2/30 PV HD Dyed @ | 245 |

**GORAKHPUR YARN PRAHALAD RAI & CO.**
PH. 99358-27000

| | |
|---|---|
| **Ankur** | |
| 1/20 pv | NA |
| 1/15 pv | NA |
| 2/30 pv | NA |
| 1/30 pv | 166 |
| **Jaanvi** | |
| 1/15 psy | 125 |
| **Triveni** | |
| 2/40 pv | 217 |
| 2/30 pv | 185 |
| 1/20 pv | 156 |
| 1/15 pv | 150 |

**NEETA YARNS**
Ph. 022-28335766, 093246-70428
(M) 98210-82022

| Fancy Yarn Per Kg | |
|---|---|
| 30/62 Alpine | 212 |
| 2/60 PVT | 216 |
| 2/60 Polyster | 235 |
| 2/76 Polyster | 275 |
| 2/60 P.V. | 258 |
| 2/60 P.C. | 265 |
| 150/48/400 Bright | 130 |
| 75/36/1450 Bright Rate | 158 |
| 65/36/600 Bright Rate | 212 |
| 100/36/1450 | 142 |

**MODTEX TEXTURISERS**
PH. 246496, 98292-50430

| | |
|---|---|
| 150/400 Cone Dyed | 198+GST |
| 150 HIM Cone Dyed | 185+GST |
| 300 HIM Cone Dyed | 184+GST |

Cd : 3rs/kg

**GRASIM INDUSTRIES LTD.**
PH. 247324, 93521-45544

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | ---- |
| 2/40 Dyed | ---- |
| 2/50 Dyed | ---- |

**PAWAN ENTERPISES 9414111656**

| | |
|---|---|
| **Triveni Spinning** | |
| 1/15 Pv. 70/30 Z Black@ | 159 |
| 2/30 pv 70/30 Z Black@ | 191 |
| 2/40 Pv70/30 Z Black@ | 225 |
| **Vergine Quality** | |
| 1/15 Pv 70/30 Grey @ | 150 |
| 1/20 Pv 70/30 Grey@ | 153 |
| 2/15 Pv 70/30 Grey@ | 160 |
| 2/18 Pv 70/30 Grey @ | 165 |
| 2/30 Pv70/30 Grey@ | 183 |
| 1/15 Polyester Grey@ | 129 |
| 2/20 Polyester Grey @ | 147 |
| 2/30 70/30 Melange@ | 195 |
| 2/30 100% Viscose@ | ..... |
| 2/40 100% viscose@ | 250 |

**RATAN BARJATIYA SPINNERS**
Bhavit Jain: 9928913144

| | |
|---|---|
| **PV Yarn** | |
| 2/60 PV | 270 |
| 2/40 PV | 200 |
| 2/30 PV | 180 |
| 2/24 PV | 174 |
| 2/20 PV | 170 |
| 2/18 PV | 164 |
| 2/15 PV | 160 |
| **Recycled PV Yarn 70:30** | |
| 2/40 PV | 180 |
| 2/30 PV | 160 |
| **Polyester Yarn** | |
| 2/60 Poly | 240 |
| 2/40 Poly | 185 |
| 2/30 Poly | 160 |
| 2/24 Poly | 154 |
| 2/20 Poly | 145 |
| 2/15 Poly | 140 |
| **Recycled Polyester yarn** | |
| 2/40 recycled | 160 |
| 2/30 recycled | 140 |
| 2/20 recycled | 130 |
| 2/15 recycled | 125 |
| 1/15 recycled | 110 |
| **PC Yarn Combed (65:35)** | |
| 2/40 PC | 240 |
| 2/30 PC | 225 |
| **Black Yarn** | |
| 2/30 poly black | 160 |
| 2/30 pv black | 185 |

# सीतामढ़ी के शांतिनगर में चुन्नीलाल मेगा मार्ट का शुभारंभ



**पटना/ अशोक शर्मा...** सीतामढ़ी के शांतिनगर स्थित चुन्नीलाल मेगा मार्ट का भव्य शुभारंभ किया गया। मेगा मार्ट में मुख्य अतिथि भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह, विशिष्ट अतिथि एसडीओ श्री संजीव कुमार, एसडीपीओ श्री रामकृष्णा और फर्म के निदेशक श्री नागेश्वर प्रसाद अग्रवाल, श्री संजय कुमार अग्रवाल, श्री राकेश कुमार अग्रवाल, रूचिका जी अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान भोजपुरी अभिनेत्री ने कहा कि सीतामढ़ी में चुन्नीलाल मेगा मार्ट का आना जिले के लिए बहुत ही खुशी की बात है। यह मेगा मार्ट एक ही छत के नीचे ग्राहकों को सभी ब्राण्ड व चुनिंदा कलेक्शन उपलब्ध कराता है। फर्म के निदेशक श्री राजेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि ग्राहकों के विश्वास के कारण इस मेगा मार्ट ने पिछले 15 वर्षों से पटना, बैगुसराय, मुजफ्फरनगर, आरा, बक्सर, हाजीपुर एवं बिहार सरीफ में अपनी विश्वसनीय सेवाएं प्रदान कर बिहार में एक पहचान स्थापित की है।

# भक्तिमय माहौल में मनाई फूलों की होली

**बरेली/राजीव अरोड़ा**




बरसाना की होली प्रेम से वशीभूत होली लट्ठमार होली होती है, परंतु फूलों की होली बरेली होलसेल कपड़ा कमेटी के तत्वावधान में बड़े भक्तिमय ढ़ग से मनायी गई। अखिल भारतीय राधा माधव संकीर्तन मण्डल ने बड़े भक्तिमय माहौल में भजन गाकर होली मनाई। बरेली होलसेल कपड़ा कमेटी के अध्यक्ष श्री अनुपम कपूर ने सभी भजन कलाकारों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। भजन गायकों में श्री मलिक बंधुओं ने धूम मचाई और उनका साथ श्री विनोद भाटिया ने भी भजन गाकर भक्तिमय माहौल बना दिया। कार्यक्रम में लगभग 200 व्यापारियों ने शिरकत की। आरती के पश्चात् लगभग भोजन की व्यवस्था भी की गई।

# आढ़तिया कपड़ा एसोसिएशन, सूरत ने मनाया होली स्नेह मिलन समारोह



**सूरत/ सत्यप्रकाश**

देश में होली का त्यौहार बड़े धूम धाम से मनाया जाता है। इस पर्व से सूरत वासी कैसे पीछे रह सकते है, इस होली के फागुन उत्सव में आढ़तिया कपड़ा एसोसिएशन, सूरत (AKAS) द्वारा हर साल की तरह इस साल भी काफी धूम धाम से इस पर्व को मनाया गया है। मुख्य रूप से इस पर्व का महत्व आपस में मिल जुलकर प्रेम, सौहार्द एवं संबंध को बढ़ाना है। समजिक, राजनीतिक व प्रशासनिक इस उत्सव में सभी का संगम देखने को मिला। समारोह में लगभग 1000 गणमान्य लोगों ने शिरकत की। इस अवसर पर व्यापारी भाइयों ने मिलकर खूब फूलों की होली खेली और धमाल मचाया। इस दिन आढ़तिया एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री प्रहलाद अग्रवाल का जन्मदिन भी था जिनको सभी ने कैक काटने के बाद बधाई दी। समारोह में साउथ गुजरात टेक्सटाइल ट्रेडर्स एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी, श्री अनिल अग्रवाल (विपुल साड़ी), सुभाष जी (सुभाष साड़ी), ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी, आदर्श रामलीला ट्रस्ट के पदाधिकारी, AKAS के सभी सदस्य और प्रशासनिक अधिकारी भी इस उत्सव में शामिल हुए। सभी ने मिलकर उत्सव का आनंद लिया।

# नवमनोनीत पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम

**सिलीगुड़ी/** हाल ही में चेंबर ऑफ टेक्सटाइल एसोसिएट्स, सिलीगुड़ी के कोटा के वर्ष 2025-27 के नव मनोनीत अध्यक्ष पद पर श्री बच्छराज बोथरा एवं उनकी टीम का शपथ ग्रहण कार्यक्रम नवरात्र 3 अप्रैल, 2025 को होना प्रस्तावित है, ताकि आने वाले दो वर्ष कोटा के लिए खूबसूरत त्योहार की तरह प्रत्येक दिन हर्षोउल्लास के साथ मनाए। कोटा टीम के कुछ प्रॉजेक्ट एवं विभाग बनाए हैं, उसमें जो भी सदस्य जुड़कर सेवा देना चाहते हैं वो अपनी सेवाएं जरूर देवे।

# ब्राण्डेड सूटिंग-शर्टिंग की डिमाण्ड जबरदस्त

**ब्यावर/ अनिल डोसी**

मार्केट में ग्राहकी अच्छी चल रही है। होली के त्योहार पर ओरना, ड्रेस मटीरियल प्रिंट, ब्लाउज पीस, साड़ियां, सलवार सूट व अन्य क्वालिटियों में ग्राहकी अच्छी चल रही है। अभी मार्च क्लोजिंग के कारण व्यापार सीमित चल रहा है। पेमेंट की आवक अच्छी है। ब्राण्डेड सूटिंग-शर्टिंग की मांग बनी हुई है। रेमण्ड, सियाराम, डोनियर, ओसवाल एवं अन्य मिलों का माल आ रहा है। धोती जोड़ा, रेडीमेड ब्लाउज, जीन्स, ट्राउजर, टी-शर्ट व राजपूती ड्रेसेज का चलन बढ़ा है।

## कॉटन की मांग... पृष्ठ 1 का शेषांश

उल्लेखनीय है कि एक अक्टूबर से आरंभ हुए चालु कॉटन सीजन में देश में कॉटन उत्पादन में गिरावट के बावजूद विश्व बाजार में मंदी को देखते हुए घरेलु बाजार में कॉटन के भाव सरकार द्वारा निर्धारित एमएसपी से नीचे आ रहे और सीसीआई ने बाजार से लगभग 1 करोड़ गांठ कॉटन की खरीद की है। गत वर्ष सीसीआई ने केवल 32.80 लाख गांठ की खरीद की थी और यह सारी कॉटन फरवरी अंत के घरेलु बाजार में मिलों और व्यापारियों को बेच दी है। एक मार्च से नई कॉटन की बिक्री आरंभ की है और इसमें मिलों और व्यापारियों की अच्छी मांग आ रही है।

**कारण-** जानकारों का कहना है कि सीसीआई की कॉटन की क्वालिटी अच्छी होने के कारण नए सीजन की कॉटन की मांग आई है। इसके अतिरिक्त विश्व बाजार में भी कॉटन के भाव में सुधार हुआ है।

## कॉटन यार्न की मांग स्थिर... पृष्ठ 18 का शेषांश

टेक्सटाइल की पूरी चेन को लेकर वैश्विक अनिश्चितता होने से कॉटन तथा सिंथेटिक कपड़ों का उत्पादन सीमित हो गया है। कॉटन यार्न की लेवाली में दम नहीं है। यार्न में उतार-चढ़ाव दोनों स्थितियां निरंतर होती रहती है, परंतु यार्न पैटर्न को देखें तो सिंथेटिक और कॉटन यार्न दोनों की मांग बढ़ने के बाद अब कम हो गई है। भिवंडी में ग्रे सूती कपड़ों का उठाव अच्छा नहीं होने से वीवर्स जरूरी वैरायटी का उत्पादन कर रहे है, ग्रे कपड़ों का भाव स्थिर हो गया है। वीविंग गतिविधियां दमदार नहीं होने से कॉटन यार्न का उठाव कम हो गया है। लूमों पर कारीगरों की कमी की भी समस्या है, जिससे यार्न की मांग पर असर पड़ा है। माना जा रहा है कि कॉटन कपड़ों की मांग खुलते ही वीवर्स ग्रे कपड़ों का उत्पादन बढ़ा सकते हैं। कपड़ा और यार्न दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू की तरह है। एक का इफेक्ट दूसरी ओर दिखाई देता है।

# भूल ना जाना ०६०

RISHAB WORLD




पंजाब केसरी

## लाला लाजपत राय

(१८६५-१९२८)

कुख्यात साइमन कमीशन के शिकार **लाला लाजपत राय** ने **लाहौर** में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया, जिसमें उन पर **लाठीचार्ज किया** गया और पुलिस अधीक्षक **जेम्स स्कॉट** द्वारा व्यक्तिगत रूप से उन पर हमला किया गया।

घटना के 18 दिन बाद घायल **लाला जी** की मृत्यु हो गई, जिससे पंजाब में **भगत सिंह** और **चंद्रशेखर आज़ाद** सहित उनके कई अनुयायियों के बीच आक्रोश भड़क उठा।

**लाला लाजपत राय** का जन्म एक **अग्रवाल जैन परिवार** में हुआ था, जिनका ध्यान **शिक्षा** और **समाज के उत्थान** पर था। इसका प्रमाण उनके द्वारा लिखी गई पुस्तकों और उनके माता-पिता के नाम पर स्थापित ट्रस्टों जैसे **आर के ट्रस्ट** फॉर एजुकेशन और **गुलाब देवी ट्रस्ट** फॉर मेडिकल एड से मिलता है।

**लाला लाजपत राय** ने वर्ष 1886 में **हिसार (हरियाणा)** में वकालत करके अपना करियर शुरू किया और उसके बाद वर्ष 1892 में **लाहौर उच्च न्यायालय** चले गए और स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए **भारत की राजनीतिक नीति** को आकार दिया। कई समाचार पत्रों में अपनी विचारधारा का योगदान देने के लिए पत्रकारिता की और **पंजाब नेशनल बैंक** और **लक्ष्मी बीमा कंपनी** के प्रबंधन में भाग लिया।

वर्ष 1914 में **लाला जी** ने वकालत छोड़ दी और खुद को पूरी तरह से **भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन** के लिए समर्पित कर दिया और ब्रिटेन एवं संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा की, वहां अपनी कई साहित्यिक कृतियाँ प्रकाशित की और **अमेरिका में होमरूल लीग** की स्थापना की।

जलियावाला बाग हत्याकांड के बाद **लाला लाजपत राय** सन् 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के **अध्यक्ष** चुने गए और उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व किया। अगले वर्ष, उन्होंने एक गैर-लाभकारी कल्याण संगठन **सर्वेंट्स ऑफ़ द पीपुल सोसाइटी** की स्थापना की, जो मातृभूमि की सेवा के लिए **राष्ट्रीय मिशनरियों** की भर्ती और प्रशिक्षण के लिए समर्पित था।

विद्वान और दूरदर्शी **लाला लाजपत राय** को उनके कई प्रकाशित और अप्रकाशित कार्यों के लिए याद किया जाता है, जो राष्ट्र और समाज के **सुशासन** के लिए हमेशा प्रासंगिक हैं। जिनमें कुछ निम्न दिए गए हैं -

- मेरे निर्वासन की कहानी - 1908
- आर्य समाज - 1915
- द यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ़ अमेरिका: अ हिंदुस इम्प्रैशन - 1916
- यंग इंडिया: एन इंटरप्रिटेशन एंड अ हिस्ट्री ऑफ़ द नेशनलिस्ट मूवमेंट फ्रॉम वीथिन -1916
- इंग्लंड्स डेब्ट टू इंडिया -1917
- द प्रॉब्लम ऑफ़ नेशनल एजुकेशन इन इंडिया - 1920
- अनहैपी इंडिया - 1928
- लाला लाजपतराय की संग्रहित कृतियाँ, खंड 1 से खंड 15 तक












Postal Registration No BHILWARA/208/2024-2026 RNI Registration No. 71772/98









# कॉटन यार्न की मांग स्थिर
## बढ़े भाव से घटा

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय**

यार्न मार्केट स्थिर है। कॉटन यार्न बढ़े भाव से घटा है, परंतु गिरावट बढ़ी नहीं है। कपड़ों का उत्पादन कम होने से यार्न में लेवाली घटी है। मांग का अभाव कॉटन यार्न सहित हर किस्म के यार्न में दिखाई दे रहा है। सिंथेटिक एवं ब्लैंडेड यार्न की तुलना में कॉटन यार्न की मांग बनी हुई है। यहीं कारण था कि बीच की अवधि में कॉटन यार्न के भाव सुधर गए थे, तब कॉटन यार्न में प्रति किलो चार से पाँच रू की तेजी परिलक्षित हुई थी, जो अब सिमट गई है। **शेषांश पृष्ठ 10 पर**


















स्वत्वाधिकारी एसएसएस मीडिया पब्लिकेशन्स (प्रा.) लि. की तरफ से मुद्रक एवं प्रकाशक योगेन्द्र शर्मा के लिए डी.बी. कॉर्प लि., 10, जेएलएन मार्ग, जयपुर, (भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, टोंक रोड़, जयपुर) से मुद्रित एवं सी-127, आर.के. कॉलोनी, भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक-योगेन्द्र शर्मा।

22 मार्च से 6 अप्रैल, 2025
SINCE 1998
टेक्सटाइल वर्ल्ड Corporate




# एथनिक वियर ब्राण्ड RAYASA द्वारा ईद पर नया कैटलॉग लॉञ्च




सूरत/ हमेशा नए डवलपमेण्ट में अग्रणी Rayasa ब्राण्ड द्वारा इस वर्ष ईद को ध्यान में रखते हुए कुर्ता फैब्रिक में नया डवलपमेण्ट पेश किया है, जो बाजार में धूम मचा रहा है। यह कुर्ता रेंज फुल वर्क के साथ मार्केट में उपलब्ध है, जो अलग-अलग कलर चार्ट में पेश किया है। इस रेंज मे विभिन्न प्रकार के एम्ब्रॉयडरी वर्क के साथ शानदार रेंज डवलप की है। कम्पनी के डायरेक्टर श्री मनोज रोलिया एवं श्री भगाराम भाटी ने बताया कि Rayasa ब्राण्ड की उत्पादक कम्पनी आर्य सिल्क फैशन के अंतर्गत एथनिक वियर का कार्य बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत हर सीजन को लेकर नया डवलपमेण्ट पेश किया जा रहा है। कम्पनी द्वारा जैकॉर्ड, एम्ब्रॉयडरी, प्रिंट जो आज वैवाहिक सीजन के लिए पसंद किया जा रहा है। कम्पनी द्वारा हर आयु वर्ग के उपभोक्ताओं के लिए इण्डो-वेस्टर्न, जोधपुरी, शेरवानी, जैकेटिंग, कुर्ता आदि की रेंज हर समय उपलब्ध रहती है।

## फुल वर्क के साथ कुर्ता फैब्रिक में विस्तृत रेंज तैयार

### क्वालिटी एवं गुणवत्ता के दम पर पहचान

क्वालिटी एवं गुणवत्ता के दम पर Rayasa ब्राण्ड ने भारत की तमाम मण्डियों में अपनी पहचान कायम की है। उन्होंने बताया कि ब्राण्ड द्वारा हमेशा नया इनोवेशन पेश किया है, जो हर विशेष आयोजन को खास बनाता है। कम्पनी के पास हमेशा 500 से 800 डिजाइनों का महाकलेक्शन हर समय तैयार रहता है, जिससे बाजार में मजबूत पकड़ बनाए हुए है।









# उद्योग समाज में जैसे अंबानी खास, कवि समाज में वैसे कुमार विश्वास



विवाह समारोह में वर-वधू को आशीर्वाद देने पहुंचे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली/** जैसे अंबानी के आत्मज का विवाह कई मायनों में सुर्खियाँ बटोर गया, वैसे ही डॉ. कुमार विश्वास की आत्मजा का विवाह सुर्खियों में है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सहित देश के उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड, भूतपूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, महनीय मंत्रीगण, दिल्ली सरकार की मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रीगण, नेता, अभिनेता, कलाकार, गायक, सन्तवृंद और कई कवियों की उपस्थिति ने कुमार भैया की बिटिया के विवाह को उनके विश्वभर में रहने वाले विभिन्न प्रशंसकों की जुबान पर ला दिया। आशीर्वाद समारोह में शामिल होने वाले तमाम लोग स्वयं को गौरवान्वित अनुभव कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि कवि समाज के इतिहास में कभी ऐसा वैवाहिक आयोजन हुआ ही नहीं। यद्यपि डॉ. कुमार विश्वास को केवल एक कवि के परिधिबंध में समायोजित करना न तो संभव है और न ही उचित है। अपने-अपने राम सहित समग्र विषयों पर अपनी मेधावी वक्तृत्वकला के चलते आज कुमार भैया विश्व के ऐसे लोकप्रिय व्यक्तित्व बन चुके हैं कि करोड़ों लोग उन्हें रात-दिन सोशल मीडिया पर सुनते-देखते रहते हैं।

गत पूरा महीना भावनाओं व कर्तव्य के बीच अंतः संघर्ष का रहा। बेटी के पिता होने के कारण बचपन से आज तक, विवाह को लेकर उसकी उजली पलकों में पले हर सपने को साकार कर पाने की सद्इच्छा ने शरीर और मस्तिष्क दोनों पर अधिकार कर रखा था, तो दूसरी ओर मेरी आत्मा के सबसे पवित्र व सबसे विस्तृत अंश की प्रेमधारा के दूसरे किनारे खड़ी उसकी पालकी के बारे में सोच-सोचकर ही रूलाई फूट पड़ती थी। अस्तु मेरे राम ने रीझ-रीझकर अपनी परम-कृपा ऐसी बरसाई कि बिटिया के मन की साध और मेरा पिता होना दोनों परम सार्थक हुए।



**-कुमार विश्वास की वॉल से**

## ABSOLUTO ने डिजाइन किए कुमार विश्वास के परिधान

ÀBSOLŪTO™
FINER SIDE OF FASHION

विश्व विख्यात कवि एवं वक्ता डॉ. कुमार विश्वास अपनी बिटिया की शादी में जिन आकर्षक परिधानों में नजर आये, वो खास परिधान फैशन की दुनिया में तेजी से उभरते ब्राण्ड ABSOLUTO की डिजाइनर टीम ने तैयार किये थे। साथ ही रिसेप्शन पर दुल्हन ने जो साड़ी पहनी उसको भी Absoluto Design Studio में ही हैंडक्राप्ट किया गया था। सोशल मीडिया में इन डिजाइनर ड्रेसेज की खूब चर्चा रही।

मेन्स वीयर के लिए फैशनेबल एवं स्टाइलिश लग्जरी फैब्रिक ब्राण्ड ABSOLUTO अपनी अद्वितीय फैब्रिक क्वालिटी एवं डिजाइंस के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियाँ बटोर रहा है। कम्पनी के डायरेक्टर श्री कमल सेकसरिया बताते हैं कि डॉ. कुमार विश्वास की पसंद बहुत एक्सक्लूसिव रहती है। सामान्य तौर पर उन्हीं के दृष्टिकोण और चॉइस को ध्यान में रखकर डिजाइनिंग करनी होती है। उनकी पृथक सोच और विशिष्ट चॉइस के फलस्वरूप काम करने में आनंद आता है। डॉ. कुमार विश्वास के लिए उनकी पसंद के डिजाइनर कपड़े तैयार करना हमारे लिए गौरव की बात है।

उन्होंने आगे बताया कि हम निरंतर ब्राण्ड ABSOLUTO में मॉडर्न लाइफस्टाइल फैब्रिक्स उत्पादन के लिए नये-नये इनोवेशंस कर रहे हैं। फाइनेस्ट सूटिंग्स, जेकॉर्ड एवं एब्रॉयडरी तथा इटेलियन वूल फैब्रिक्स में हजारों डिजाइंस के विशाल संग्रह के साथ फैशन लवर्स के लिए भरपूर फैशन विकल्प मुहैया करा रहे हैं।





ABSOLUTO के डायरेक्टर श्री कमल सेकसरिया डॉ. कुमार विश्वास की पुत्री एवं दामाद के साथ




because textiles are the pride of Ahmedabad

11th – 14th MAY, 2025

HELIPAD GROUND, GANDHINAGAR, GUJARAT

FABEXA® AHMEDABAD
FABRIC SOURCING EXPO
EDITION X

GIVE YOUR TEXTILE BUSINESS THE X FACTOR

PARTICIPATE
LEARN
NETWORK

TECHXTILE
INNOVATIVE . COLLABORATIVE . VERSATILE

idiograph

SCAN TO REGISTER

fabexa.in | info@fabexa.in

FOR REGISTRATION
98250 50993

ORGANISED BY:
MASKATI CLOTH MARKET MAHAJAN,
NEW CLOTH MARKET, AHMEDABAD

Maskati Cloth Market Mahajan Ahmedabad
Since - 1906

**कानपुर कपड़ा बाजार में खरीदी का प्रमुख केन्द्र**

# होलसेल कपड़ा व्यवसाय में शीर्ष स्तर पर नामचीन फर्म गोवर्धन साड़ी





**कानपुर/** गोवर्धन साड़ी एक ऐसा प्रतिष्ठान है जो देश की सभी टेक्सटाइल उत्पादक मण्डियों में इनका नाम ब्राण्ड बन चुका है। यहाँ पर सभी तरह के टेक्सटाइल प्रॉडक्ट्स की होलसेल आपूर्ति की जा रही है।

व्यापार की शुरूआत स्व. श्री रतनचन्द खत्री द्वारा की गई थी। तब से निरंतर परिवार के सदस्यों द्वारा अपने कार्यकौशल एवं अनुभव से इस पीढ़ी को बेहतर मुकाम पर पहुँचाया। व्यापार में महत्त्वपूर्ण भूमिका स्व. श्री अर्जुनदास खत्री (अज्जु भाई) ने सभी परिवार के सदस्यों के साथ एक टीमवर्क व बेहतर प्रबन्ध व्यवस्था से गोवर्धन साड़ी को कपड़ा व्यवसाय में ऊपरी श्रेणी में स्थापित किया।

श्री अर्जुनदास ने अपने व्यक्तित्व एवं कार्य में अपनी महारत से व्यापारियों से बेहतर सम्बन्ध स्थापित किए एवं शानदार नेटवर्क स्थापित किया।




## होलसेल फैब्रिक आपूर्ति

कपड़ा व्यापार में देश की कई वस्त्र उत्पाद मण्डियों का माल अपने व्यापारियों को सप्लाई करते हैं। जिसमें सूटिंग-शर्टिंग, साड़ी, कॉटन क्लॉथ, सूट, तोलिया, बेड एण्ड बाथ लुंगी, चद्दर मार्किन इत्यादि उम्दा क्वालिटियों के उत्पाद शामिल हैं।

## उत्तरप्रदेश सूबे में रिटेल चेन में बड़ा नाम राजरतन

इस सेक्टर में इन्होंने उत्तरप्रदेश राज्य में कई शहरों में अपने रिटेल आउटलेट भी स्थापित किए, जो श्रृंखलाबद्ध रूप से 13 काउण्टर अलग-अलग बड़े शहरों में स्थापित हैं, जो सूबे के सबसे बड़े रिटेल प्रतिष्ठान राजरतन नाम से विख्यात है।

## रेडीमेड गारमेण्ट में टॉप ब्राण्ड की होलसेल आपूर्ति

फर्म द्वारा रेडीमेड सेगमेंट में उत्पाद सप्लाई के लिये गोवर्धन गारमेण्ट नाम से अलग से प्रभाग बनाया गया, जिसे इस सेक्टर की अनुभवी टीम द्वारा सम्पादित किया जा रहा है। श्री प्रशान्त खत्री ने बताया कि इसके लिए प्रबन्धन द्वारा स्थानीय शहर के कोपरगंज में रेलवे माल गोदाम के सामने सप्लाई सेन्टर से एक ही छत के नीचे मेन्स वियर, लेडीज वियर, किड्स वियर एवं अन्डर गारमेण्ट्स सभी ब्राण्ड के उत्पाद की होलसेल सप्लाई शामिल है।

## प्रबन्ध व्यवस्था

कारोबार में स्व. श्री अर्जुनदास खत्री के भ्राता श्री हीराभाई, श्री प्रहलाद एवं पुत्र श्री प्रशांत खत्री के कुशल नेतृत्व से व्यापार निरन्तर सफलता के पथ पर अग्रसर है। रिटेल क्षेत्र में श्री राजकुमार खत्री बेहतर प्रबन्ध व्यवस्था से कार्य देख रहे हैं।




**एजेंसी कार्य में 100 वर्ष से सफलता के पथ पर अग्रसर**

# कपूर एण्ड ब्रदर्स





**कानपुर/** कपड़ा बाजार में 'कपूर एण्ड ब्रदर्स' प्रतिष्ठान जिसका शुभारंभ इनके पुरखों द्वारा 100 वर्ष पूर्व किया गया था जिसको पीढ़ी दर पीढ़ी इसी क्रम को आगे बढ़ाने में सफल रहे, जिसके चलते वर्तमान में भी एक विश्वसनीय एवं प्रतिष्ठित फर्म में शुमार की जाती है। इस क्षेत्र में स्व. श्री मन्नालाल कपूर द्वारा पुतनलाल दलाल नामक फर्म में आढ़त कार्य से शुरूआत की गई। सन् 1955 में इनके सुपुत्र स्व. श्री केशवनाथ कपूर द्वारा मफतलाल कम्पनी की एजेंसी लेकर व्यापार को और नई ऊर्जा प्रदान की। वर्तमान में व्यापार पाँचवी पीढ़ी जिनमें श्री राकेश कपूर एवं श्री आशु कपूर अपने अनुभव एवं कुशल नेतृत्त्व से कर रहे हैं।

**फर्म की सेल्स मार्केटिंग -** श्री राकेश कपूर ने बताया कि मफतलाल के उत्पाद जिसमें स्कूल यूनिफॉर्म आपूर्ति में प्रमुखता से कार्य किया जा रहा है, जो उत्तरप्रदेश एवं उत्तराखण्ड स्टेट में अधिकृत रूप में माल सप्लाई कर रहे हैं। इन्होंने बताया कि मफतलाल निर्मित उत्पाद हमारे क्षेत्र में बेहतर सफलता के साथ पुराने जोश में आ रही है और व्यापार दिनों-दिन ग्रोथ कर रहा है।

**काबरा ट्रेडिंग -** कुर्ता, फैंसी उत्पाद, K.B.Comfort Brand For U.P.& Uttrakhand

**Kotlee Creations -** Mumbai For U.P. जिनमें शत-प्रतिशत कॉटन शर्टिंग, जिन्स - कुर्ता आइटम शामिल है।

**R T Textiles -** अमृतसर निर्मित शॉल, कॉटशूल शर्टिंग इत्यादि की सप्लाई शामिल है। मफतलाल रेडीमेड यूनिफॉर्म के उत्पाद की मांग बढ़ी है जिसका उत्तरप्रदेश स्टेट में बेहतर विस्तार हुआ है। एजेंसी के अंतर्गत नामचीन कम्पनी 'रूबी मिल' को शामिल करते हुए इसके द्वारा निर्मित उत्पाद भी सप्लाई किए जा रहे हैं।




**आर्या सिल्क मिल्स -** आर्या सिल्क मिल्स के प्रॉडक्ट जिसमें कुर्ते, शेरवानी में रेडीमेड उत्पाद की सप्लाई शामिल है।

**इरोड़ -** वस्त्र मण्डी की प्रतिष्ठित मिल 'सुदर्शन टेक्सटाइल' के उत्पाद में फिनिश कॉटन की आपूर्ति में हमारी एजेंसी ने सफलता प्राप्त करते हुए 80 प्रतिशत ग्रोथ की है। पिछले सत्र के कपड़ा व्यापार के बारे में श्री कपूर ने बताया कि जिन व्यापारियों ने प्रि-प्लान किया, उन्होंने माल भी बेचा एवं उनका पैसा भी आया और अब दिन-प्रतिदिन क्वालिटी मालों की ही डिमाण्ड बढ़ रही है।

**काजू (ड्राई फूड) में कार्य शुरू किया -** कपूर परिवार द्वारा टेक्सटाइल के अलावा डिफरेंट क्षेत्र में व्यापार शुरू किया, जिसमें ब्राण्डेड काजू की होलसेल सप्लाई कर रहे हैं।

# कानपुर कपड़ा व्यवसाय में विश्वसनीय एवं प्रतिष्ठित एजेंसी कार्य में संलग्न रश्मि एजेंसी





**कानपुर/** स्थानीय वस्त्र मण्डी की विश्वसनीय एवं लंबे अरसे से कार्य करने वाली एजेंसी कार्य में उम्दा पहचान रखने वाली फर्म रश्मि एजेंसी एवं गोल्डी टेक्सटाइल अपना वर्चस्व बनाने में कामयाब रही है। एजेंसी कार्य के संस्थापक श्री रंजन लाल गुप्ता ने अपने व्यवसाय की जानकारी देते हुए बताया कि गोल्डी एजेंसी से वर्ष 1977 से कार्य का शुभारंभ किया गया। तब से निरंतर अपने कार्यकौशल एवं स्वच्छ व्यापार के लिहाज से विभिन्न सहयोगी फर्मों की स्थापना करते गए, जिसमें रश्मि, कुबेर एवं श्री सांवरिया जी एजेंसी नाम से कार्य करते हुए विभिन्न कम्पनियों के उत्पाद सप्लाई कर रहे हैं। श्री गुप्ता शुरूआती दौर में उस समय की प्रतिष्ठित मिल से कार्य शुरू किया, जिसमें फैंसी शर्टिंग सप्लाई होती थी। पिछले 25 वर्षों से उनके सुपुत्र श्री रवि गुप्ता जो कानपुर कपड़ा कमेटी के डायरेक्टर पद पर भी सेवाएं दे रहे हैं। श्री रवि गुप्ता ने वर्तमान में अपने कार्यक्षेत्र के बारे में बताया कि हमारी फर्मो में देश की सभी वस्त्र उत्पादक मण्डियों से कार्य किया जा रहा है।

**यूनिफॉर्म फैब्रिक आपूर्ति-** एजेंसी के अंतर्गत यूनिफॉर्म फैब्रिक में विशेष महारत के साथ कार्य किया जा रहा है। जिसमें नामचीन ब्राण्ड स्पर्शफेब, क्यूमैक्स, आर्मिलोन, यूनिटेक्स, वॉकीटॉकी, स्वराज सिन्थेटिक, (राघव) के उत्पाद सप्लाई शामिल है। एजेंसी में ब्लेजर फैब्रिक की भी क्वालिटी उत्पाद आपूर्ति की जा रही है।

**सेल्स नेटवर्क-** एजेंसी का उत्तरप्रदेश की वस्त्र मण्डियों एवं कानपुर में बेहतर नेटवर्क स्थापित है। जिसमें भीलवाड़ा, मुम्बई, कोलकाता, इरोड़, बालोतरा, अमृतसर, सूरत एवं जेतपुर वस्त्र मण्डियों का निर्मित माल सप्लाई किया जा रहा है।




## मेन्स वियर फैब्रिक एवं रेडीमेड गारमेण्ट सप्लाई में वृहद स्तर पर व्यापार

# श्री आनन्देश्वर टेक्सटाइल एजेंसी



कानपुर/ वस्त्र मण्डी में प्रतिष्ठित टेक्सटाइल एजेंसियों में शामिल आनन्देश्वर टेक्सटाइल एजेंसी ने अपने बेहतर सिस्टम एवं पारदर्शी व्यापार के साथ इस क्षेत्र में सन् 1998 में श्री योगेश चन्द्र गुप्ता द्वारा शुभारम्भ किया गया था। एजेंसी के प्रबन्ध कार्य में कुशल टीम वर्क के साथ श्री अजय कुमार गुप्ता व श्री अनुभव गुप्ता के संयुक्त प्रबन्धन से फर्म का कारोबार सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। श्री योगेश गुप्ता ने शुरूआती दौर में ही मुम्बई एवं भीलवाड़ा की कई प्रसिद्ध कम्पनियों से कार्य करते हुए व्यापार में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की और अब कार्य विस्तार करते हुए कॉटन फैब्रिक आपूर्ति में अहमदाबाद की सूटिंग-शर्टिंग के साथ-साथ इचलकंरजी निर्मित फैब्रिक सप्लाई में भी कार्य किया जा रहा है।

एजेंसी कार्य में सूटिंग-शर्टिंग, कॉटन, फैंसी एवं गारमेण्ट फैब्रिक इत्यादि की सप्लाई शामिल है। अहमदाबाद की कॉटन सूटिंग-शर्टिंग ब्राण्ड्स की फैब्रिक, भीलवाड़ा की यूनिफॉर्म फैब्रिक, फैंसी सूटिंग एवं इचलकरंजी में भी बेहतर नेटवर्क स्थापित किया है। बढ़ता गारमेण्ट सेक्टर पिछले कुछ वर्षों से द्रुतगति से रेडीमेड परिधानों में डिमाण्ड बढ़ने के मद्देनजर एजेंसी के अन्तर्गत कई शीर्ष कम्पनियों के मेन्स वियर, ट्राउजर, शर्ट्स एवं किड्स वियर के उत्पाद आपूर्ति किए जा रहे हैं। इस कार्य के अन्तर्गत एजेंसी में कार्य विस्तार करते हुए सहयोगी फर्मों में श्री महादेव एजेंसी, शुभम् टेक्सटाइल एजेंसी एवं यश टेक्सटाइल के अन्तर्गत कार्य किया जा रहा है।

**ब्रांच ऑफिस-** व्यापार की सुगमता के लिए कानपुर हेड क्वार्टर के अलावा भीलवाड़ा, अहमदाबाद मण्डियों में भी शाखाएं स्थापित की जा चुकी है।




# कानपुर वस्त्र मण्डी की प्रतिष्ठित फर्म ओम एजेंसीज

**कानपुर**

स्थानीय कपड़ा मण्डी में टेक्सटाइल एजेंसी क्षेत्र में विश्वसनीय फर्मों में शामिल ओम एजेंसीज की स्थापना सन् 1991 में श्री ओमप्रकाश अग्रवाल एवं इनके सुपुत्र श्री अमित अग्रवाल द्वारा की गई थी। एजेंसी के अंतर्गत मुख्यतयाः सूटिंग-शर्टिंग एवं साड़ी सप्लाई का कार्य किया जा रहा है।

सूटिंग सप्लाई में ब्राइट स्टाइल, अलविनों, केमीलोन एवं शर्टिंग में सेवन सीज क्रिएशन एवं लेगाजिया इत्यादि की आपूर्ति शामिल है। साड़ी मुख्यतयाः सूरत एवं कोलकाता निर्मित सप्लाई की जा रही है। सूटिंग-शर्टिंग भीलवाड़ा, मुम्बई एवं सूरत निर्मित उत्पादों की सप्लाई की जाती है। एजेंसी का सेल्स नेटवर्क कानपुर शहर में बेहतर होने से कई अच्छे व्यापारी जुड़े हुए हैं।









# कपड़ा उत्पादन क्षेत्र में कानपुर मण्डी की शीर्ष फर्म पुष्करमल जयप्रकाश



**कानपुर/** स्थानीय कपड़ा मण्डी में घुमनी बाजार स्थित कम्पनी 'गिरधारीलाल राकेश कुमार' सन् 1966 से इस क्षेत्र में कार्यरत है। वर्तमान में श्री राजकुमार एवं श्री जयप्रकाश के संयुक्त नेतृत्व में सफलता पूर्वक व्यापार कर रहे हैं। कम्पनी स्वयं के ब्राण्डनेम से कपड़ा बनाती है, जो पी.जे. ब्राण्डनेम से प्रसिद्ध है। इसके अंतर्गत प्लेन शर्टिंग रेमण्ड (4325) बटर सॉफ्ट -मिंकल, ड्रील माइक्रो व पायजामा क्लॉथ, 65/2, 40 पीवी×40 पीवी, 40 पीसी× 40 पीसी, खादी, स्कूल चैक्स व फैंसी लिनन आदि में लगभग 60 कलर में माल तैयार करके व्यापारियों को आपूर्ति कर रहे हैं। स्कूल यूनिफॉर्म में भी विस्तृत रेंज का निर्माण कर आपूर्ति कर रहे हैं। शर्टिंग 36'' पने में विशेषकर बना रहे हैं, इनकी सप्लाई व्यापारियों के अलावा गारमेंटरों को भी की जा रही है। श्री राजकुमार ने बताया कि पीजे हमारा रजिस्टर्ड ट्रेडमार्क है जिसके अंतर्गत कानपुर शहर, यूपी राज्य के साथ-साथ अन्य मण्डियों में सप्लाई की जा रही है। कम्पनी उत्तरप्रदेश एवं देश की अन्य वस्त्र मण्डियों के व्यापारियों को आमंत्रित कर रही है।




**न्यू लॉञ्चिंग-** व्यापार में बाजार की डिमाण्ड अनुसार इन्होंने इनोवेशन करते हुए और क्वलिटियों की लॉञ्चिंग की, जिसमें पीसी 112 सेमी., सूरत केप - 112 सेमी. एवं कॉम्बो पैकिंग उत्पादों में पेंट-शर्ट, सिंगल शर्टपीस एवं आरसी - (112 सेमी.) में माल सप्लाई कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त कॉम्बो में लगभग 6-7 तक वैरायटियों में पैकिंग उत्पाद भी सप्लाई कर रहे हैं।

**युवा प्रबंधन** -पिछले 2-3 वर्षो से इनके युवा सुपुत्र श्री प्रणव गर्ग भी कार्य देख रहे है।




# कॉटन फैब्रिक उत्पाद एवं वूमन्स वियर फैब्रिक सप्लाई में शीर्ष एजेंसी अनुज एण्टरप्राइजेज





**कानपुर/** स्थानीय वस्त्र मण्डी में प्रतिष्ठित फर्म अनुज एण्टरप्राइजेज पिछले 23 वर्षों से एजेंसी कार्य के अंतर्गत विभिन्न सेगमेंट में कपड़ा सप्लाई का कार्य कर रही है। कार्य की शुरूआत करने वाले संस्थापक श्री अशोक अग्रवाल ने अपने अनुभव, कार्यकौशल से इस क्षेत्र में अपनी बेहतर पहचान बनाई है।

व्यापार में इनके साथ युवा सुपुत्रों में श्री अजय अग्रवाल एवं श्री अनुज अग्रवाल अपने बेहतर प्रबंधन से एजेंसी कार्य में कुशल संचालन कर रहे हैं।

श्री अग्रवाल ने अपने कार्य क्षेत्र की जानकारी देते हुए बताया कि एजेंसी कार्य के अंतर्गत देश की कई कपड़ा उत्पादक मण्डियों से कारोबार कर रहे हैं। जिसमें अहमदाबाद, जेतपुर, पाली, बालोतरा, मुम्बई एवं इरोड़ निर्मित मालों की सप्लाई शामिल है। प्रमुख उत्पादों में स्पन साड़ी, कॉटन साड़ी, कॉटन सूट, रूबिया, पोपलीन, अस्तर, इरोड़ ब्लीच व्हाइट, रेयॉन एवं कैम्ब्रिक की मुख्यतौर पर हमारी फर्म सप्लाई करती है, जिसमें वूमेन्स वियर के उपयोगी फैब्रिक में क्वालिटी उत्पाद शामिल हैं। इनकी फर्म कानपुर मण्डी में कॉटन फैब्रिक सप्लाई में ऊपरी पायदान पर है। विदित है कि कुछ वर्षों से कॉटन वस्त्रों का चलन दिनों-दिन बढ़ रहा है।

एजेंसी कार्य में फर्म की बेहतर साख के चलते देश की कई मण्डियों में अच्छे घरों से इनका कार्य हो रहा है। श्री अग्रवाल ने बताया कि व्यापार में आपका अनुभव एवं कस्टमर में विश्वसनीयता ही आपको सफलता के मुकाम पर पहुँचाती है।




# कपड़ा व्यापार में 100 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण करके निरंतर गतिमान मोहन ब्रदर्स

### केवल ब्राण्डेड फैब्रिक की सप्लाई



**कानपुर/** कपड़ा व्यापार में सेंचुरी पूर्ण करते हुए प्रसिद्ध फर्म मोहन ब्रदर्स ने अच्छी फर्मों में जगह बनाई है। कार्य की शुरूआत वर्ष 1915 में श्री लाला सरभदयाल द्वारा की गई थी। तब से निरंतर पीढ़ी दर पीढ़ी इसी क्षेत्र में कार्य करते रहे एवं श्रेष्ठ कपड़ा ही सप्लाई कर रहे हैं। फर्म के बारे में जानकारी देते हुए श्री विकास अरोड़ा ने बताया कि हमारी फर्म सूटिंग-शर्टिंग की सप्लाई कर रही है। जिसमें रेमण्ड, सियाराम, एस कुमार, ओसीएम आदि शामिल हैं। श्री अरोड़ा ने बताया कि नामचीन ब्राण्ड रेमण्ड की शर्टिंग एवं रेमण्ड कोम्बो की सप्लाई भी कर रहे हैं। यूनिफॉर्म सेक्टर में स्कूल एवं खाकी फैब्रिक में हमारी विशेष महारत है। हाल ही के महिनों में उपभोक्ता चैक्स सेगमेंट में खरीदी अधिक करने लगा है। श्री अरोड़ा ने बताया कि एमएसएमई का हमारे व्यापार पर कोई प्रभाव नहीं है, क्योंकि हमारा व्यापार अधिकतर बड़ी मिलों से ही हो रहा है जिनका एमएसएमई से सम्बंधता नहीं है।




# मेन्स वियर फैब्रिक में विभिन्न मिल ब्राण्ड की सप्लाई एम. के. टेक्सटाइल

**कानपुर/** स्थानीय वस्त्र मण्डी में होलसेल सूटिंग-शर्टिंग आपूर्ति में सफलतापूर्वक कार्य करते हुए ऑनर श्री सुनील कुमार खट्टर ने अपना बेहतर नेटवर्क स्थापित किया है। सन् 1987 में इन्होंने इस क्षेत्र में कारोबार की शुरूआत की, तब से निरन्तर बाजार के ट्रेंड के अनुसार माल सप्लाई करते आ रहे हैं।

शुरूआती फर्म तुलसी टेक्सटाइल से व्यापार में मिली सफलता के बाद कार्य विस्तार के अंतर्गत वर्ष 2011 में सहयोगी फर्म एम के टेक्सटाइल की स्थापना की, जिसमें और कई कम्पनियों को शामिल किया,



जिसमें एब्सोल्यूटो, बजाज फैब, नवसारी कॉटन एवं वेलिएन्ट कलेक्शन (पुलिस खाकी की) एवं अरविन्द कॉटन शर्टिंग आपूर्ति की जा रही है।

इसी बीच सन् 2000 में सहयोगी फर्म आर एम एजेंसीज की शुरूआत की गई, जो वर्तमान में सूटिंग-शर्टिंग के क्वालिटी उत्पादों की सप्लाई कर रही है, जिसके अंतर्गत मित्वा, मित्वा लॉयल, ईएमईएफ के उत्पाद शामिल हैं। कारोबार में शामिल युवा प्रबन्धक श्री मोहित खट्टर ने बताया कि बाजार में लिनन कॉटन लिनन, डिजिटल प्रिंट आदि में बेहतर डिमाण्ड निकल रही है इसके चलते हमारी फर्म इस सेक्टर में भी काफी माल सप्लाई कर रही है।




# होलसेल वस्त्र व्यवसाय में अर्धशतक के करीब ज्ञान सिंह अमरीक सिंह







**कानपुर/** थोक कपड़ा बाजार में प्रतिष्ठित फर्म ज्ञान सिंह अमरीक सिंह की शुरूआत स्व. सरदार श्री ज्ञान सिंह द्वारा की गई थी। कारोबार को आगे बढ़ाते हुए इनके सुपुत्र श्री अमरीक सिंह सन् 1976 से पैत्रक व्यवसाय में जिम्मेदारी लेते हुए अपने अनुभव से कार्य करने लगे और व्यापार को ऊँचाइयां प्रदान की। इसी क्रम में इनके सुपुत्र श्री जसप्रीत सिंह एवं श्री जसकरण सिंह सन् 2001 से कारोबार में जुड़े, तब से इनके पिताजी के सानिध्य में कुशलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं।

**प्रॉडक्ट** - फर्म के बारे में श्री जसप्रीत सिंह ने बताया कि मुख्यतया सूटिंग-शर्टिंग में क्वालिटी उत्पादों की सप्लाई कर रहे हैं। प्रमुख ब्राण्ड्स में ग्राडो एवं केल्विन का कार्य हमारे प्रतिष्ठान में किया जा रहा है और हमारे व्यापार में ब्राण्डेड मिलों की क्वालिटी फैब्रिक ही आपूर्ति की जा रही है। इसके अलावा मुम्बई एवं भीलवाड़ा की अन्य कम्पनियों का भी कार्य कर रहे हैं। यूनिफॉर्म फैब्रिक एवं मिक्स एण्ड मेच सेगमेंट में भी हमारी फर्म क्वालिटी उत्पाद के साथ अपने उपभोक्ता को माल सप्लाई करती है।




**सेल्स नेटवर्क** - इनका व्यापार कानपुर वस्त्र मण्डी व लखनऊ के सराउंडींग किया जा रहा है।

**सेल्फ कॉन्फ्रेंस** - फर्म द्वारा सीजन के अनुसार डिस्प्ले बुकिंग कॉन्फ्रेंस का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें रिटेलर्स को आमंत्रित करते जिनको डिस्प्ले के माध्यम से माल बुकिंग करवाकर लाभान्वित किया जाता है।




# सूटिंग-शर्टिंग सप्लाई का प्रमुख केन्द्र बनने के बाद रेडीमेड सेक्टर में भी महारत बाहेती टेक्सटाइल



**कानपुर/** स्थानीय होलसेल कपड़ा मण्डी में टेक्सटाइल एजेंसी कार्य में अपना वर्चस्व रखने वाली फर्म बाहेती टेक्सटाइल एजेंसी ने अपने 41 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण किए और निरंतर कार्य विस्तार करते हुए और सहयोगी फर्मो की स्थापना की, जिसके अंतर्गत संगठित रूप से कार्य किया जा रहा है। एजेंसी की स्थापना फाउण्डर श्री अनील बाहेती कपड़ा बाजार एवं देश की कई कपड़ा उत्पादक मण्डियों में अपनी विशिष्ठ पहचान बना चुके हैं। इन्होने अपने कारोबार के बारे में बताया कि बढ़ते कार्यभार के फलस्वरूप सन् 2003 में हमने हमारी सहयोगी फर्म भूतड़ा टेक्सटाइल एजेंसी की स्थापना की एवं देश की अन्य कई कम्पनियों का कार्य शामिल किया। वर्तमान में सूटिंग-शर्टिंग, रेडीमेड गारमेण्ट एवं फैंसी फैब्रिक में माल आपूर्ति कर रहे हैं। जिसमें मुम्बई, अहमदाबाद एवं भीलवाड़ा निर्मित उत्पाद शामिल है। प्रमुख कम्पनियों में मफतलाल (अरविन्द) एसआरएस, संगम, केयरजोन (विमल सिन्टेक्स प्रा.लि.), मोहित, सनमून, अरविन्द एवं जगदम्बा के अलावा देश की और कई कम्पनियों का कार्य कर रहे हैं। बढ़ते रेडीमेड सेक्टर के मद्देनजर एजेंसी कार्य में रेडीमेड गारमेण्ट की भी वृहत स्तर पर विभिन्न ब्राण्ड्स की सप्लाई की जा रही है। रेडीमेड स्टिच गारमेण्ट में मुम्बई, अहमदाबाद एवं दिल्ली (गाँधीनगर) मण्डियों में शानदार नेटवर्क होने से कई उम्दा ब्राण्ड्स से एजेंसी जुड़ चुकी है।

**टीमवर्क-** श्री अनिल बाहेती के सानिध्य में अनुभवी टीमवर्क के आधार पर कार्य विभाजित करते हुए इनके अनुज श्री जितेन्द्र कुमार माहेश्वरी, भतिजा श्री अंशुल एवं सुपुत्र श्री प्रतीक के अनुभव से एजेंसी बाजार में अपने उपभोक्ता को उत्कर्ष सेवाएं देते हुए मजबूत सेल्स नेटवर्क बनाने में कामयाब रहे हैं।





# परंपरा, स्टाइल एवं उत्कृष्टता का प्रतीक MODERN MARWAR

BRANDS | MARUVESH | CHOTE BANNA | Singh | MUMALVESH

**जोधपुर**

**मॉडर्न मारवाड़ प्रा.लि. की यात्रा वर्ष 2011 में रिटेल व्यापार से शुरू हुई थी। वर्ष 2014 में मात्र 2 सिलाई मशीनों के साथ मैन्युफेक्चरिंग की शुरूआत की गई। गुणवत्ता, समर्पण और नवाचार के बल पर कम्पनी ने धीरे-धीरे अपने दायरे को बढ़ाया और आज यह भारत के प्रमुख परिधान निर्माताओं में से एक बन चुकी है। मॉडर्न मारवाड़ की विशेषता उच्च गुणवत्ता वाले परिधानों को आम लोगों तक पहुँचाना है। हम पारंपरिक शिल्पकला और आधुनिक डिजाइनों का बेहतरीन संयोजन प्रस्तुत करते हैं, जिससे हर वर्ग के ग्राहकों को उनकी पसंद और जरूरत के अनुसार परिधान मिल सके। कम्पनी MARUVESH / CHOTE BANNA, SINGH, MUMALVESH आदि ब्राण्डनेम से मेन्स वियर के लिए फैशनेबल परिधान बना रही है।**


श्री हरेंद्र सिंह


श्री दिलीप सिंह

**संस्थापक और नेतृत्व –** **मॉडर्न मारवाड़ प्रा. लि. का नेतृत्व अनुभवी और समर्पित टीम द्वारा किया जाता है, जिन्होंने कम्पनी को निरंतर विकास और सफलता की ओर अग्रसर किया है। वर्ष 2011 से 2019 तक यह कम्पनी प्रोप्राइटरशिप के रूप में संचालित थी, जो वर्ष 2019 में इसे प्रा. लि. कम्पनी के रूप में पंजीकृत किया गया, जिससे इसका विस्तार और अधिक संगठित ढंग से किया जा सके। युवा मैनेजिंग डायरेक्टर श्री हरेंद्र सिंह एवं डायरेक्टर श्री दिलीप सिंह के नेतृत्व में कंपनी मॉडर्न मारवाड़ प्रा. लि. निरंतर सफलता की ओर बढ़ रही है और अपने ग्राहकों को बेहतरीन परिधान अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।**

### मैन प्रॉडक्ट रेंज

हमारी कम्पनी पुरुषों के परिधानों की एक विस्तृत शृंखला प्रस्तुत करती है, जो शाही अंदाज और आधुनिकता का अनूठा मेल है।

- **जोधपुरी सूट :** पारंपरिक राजस्थानी रॉयल लुक के साथ आधुनिक डिजाइन।
- **ब्लेजर :** ऑफिस, पार्टी और फॉर्मल इवेंट्स के लिए स्टाइलिश विकल्प।
- **शर्ट्स :** क्लासिक, फॉर्मल और कैजुअल हर अवसर के लिए।
- **ट्राउजर :** बेहतरीन फिटिंग और आरामदायक डिजाइन।
- **शेरवानी :** विवाह और विशेष आयोजनों के लिए शाही परिधान।
- **जोधपुरी साफा :** पारंपरिक और उत्सवी मौकों के लिए खास।

### प्रॉडक्ट स्पेशलिटी

हम हर परिधान को अत्यंत बारीकी से डिजाइन करते हैं ताकि पहनने वाले को न केवल आकर्षक लुक मिले, बल्कि पूर्ण आराम और आत्मविश्वास भी महसूस हो। हमारे परिधान निम्न विशेषताओं के कारण खास है

- **ब्राण्डेड फैब्रिक :** उच्च गुणवत्ता वाले कपड़ों का उपयोग, जो टिकाऊ और आरामदायक हो।
- **परफेक्ट फिटिंग :** आधुनिक तकनीकों का उपयोग करके बेहतरीन फिटिंग सुनिश्चित की जाती है।
- **डिजाइन इनोवेशन :** पारंपरिक परिधानों को नए और अनूठे स्टाइल के साथ प्रस्तुत किया जाता है।
- **हाई एंड क्राफ्ट्समैनशिप :** प्रत्येक परिधान को परिशुद्धता और उत्कृष्ट कारीगरी के साथ तैयार किया जाता है।

मॉडर्न मारवाड़ अपने ब्राण्ड्स के तहत विभिन्न ग्राहक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विशेष संग्रह पेश करता है। हर ब्राण्ड में बेहतरीन डिज़ाइन, क्वालिटी और एक्सक्लूसिव स्टाइल का मेल होता है।
जिसमें पारंपरिक परिधानों के लिए विशेष डिजाइनर कलेक्शन, फॉर्मल और कैजुअल वियर के लिए मॉडर्न स्टाइल एवं उत्सव और विवाह समारोहों के लिए शाही परिधान शामिल है।

### कम्पनी की कार्यशैली

मॉर्डन मारवाड़ केवल उत्पादों के निर्माण पर ध्यान नहीं देता, बल्कि ग्राहकों की संतुष्टि और सेवा को भी प्राथमिकता देता है।

- सभी उत्पादों की क्वालिटी चेक की जाती है।
- ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुसार कस्टमाइजेशन की सुविधा उपलब्ध है।
- बदलते फैशन ट्रेंड्स के अनुसार नए डिजाइन और स्टाइल लाए जाते हैं।
- सभी उत्पादों की समय पर डिलिवरी और उत्तम सेवा सुनिश्चित की जाती है।

### कम्पनी का विजन

**'उच्च गुणवत्ता के परिधानों को मध्यम वर्गीय परिवारों की खुशियों में सम्मिलित करना।'** हमारा उद्देश्य केवल परिधान बेचना नहीं, बल्कि हमारे ग्राहकों की विशेष क्षणों और खुशियों को और भी यादगार बनाना है। मॉर्डन मारवाड़ हर व्यक्ति को शाही अंदाज और बेहतरीन फैशन अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

- हर वर्ग के लोगों को किफायती दामों पर प्रीमियम परिधान उपलब्ध कराना।
- भारतीय परिधान उद्योग में नवाचार और गुणवत्ता का पर्याय बनना।
- ग्राहकों को विश्व स्तरीय परिधान अनुभव प्रदान करना।
- सस्टेनेबल फैशन को बढ़ावा देना और पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं को अपनाना।
- भारतीय परिधानों को वैश्विक पहचान दिलाना।

### ग्राहक संतुष्टि

- हर उत्पाद को ग्राहकों की पसंद और फैशन ट्रेंड्स को ध्यान में रखते हुए बनाया जाता है।

**मुख्यालय : जोधपुर, राजस्थान, संपर्क : 94142 21136, वेबसाइट : modernmarwar.com**

# मार्च अंत में कपड़ा उत्पादन से लेकर प्रोसेस तक कामकाज मंद

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय**

कपड़ा बाजार में कारोबारी गतिविधियां नीरस है। मार्च एंडिंग के कारण वित्तीय संकट है। शेयर बाजार टूटने से भी यह संकट अधिक गहरा हो गया है। कपड़ा कारोबारियों का धन इसमें फंस गया है। एमएसएमई को 45 दिनों में बकाया भुगतान करने के नियम के कारण बाजार में जहाँ एक ओर नये सौदे नहीं हो रहे है, तो वहीं दूसरी ओर 31 मार्च से पहले पुराना बकाया निपटाना जरूरी है। गर्मी पड़नी शुरू हो गई है। होली के बाद खरमास शुरू हो जाने से एक महीने तक वैवाहिक सीजन के लिए जिन कपड़ों में खरीदी की जा रही थी, उसमें भी रूकावट आ गई है। रमजान की खुदरा ग्राहकी इस बार अभी तक फेल रही है।

ग्रे सूती कपड़ों में लेवाली कम है। मांग कमजोर रहने से सूती ग्रे कपड़ों का भाव नहीं मिल रहा है। कॉटन यार्न सहित अन्य यार्न में सुस्त रूख है। भिवंडी में लूमों पर उत्पादन धीमा है। प्रोसेस हाउसों में कामकाज धीमा हो गया है। कपड़ों के उत्पादन से लेकर प्रोसेस तक हर जगह आधी-अधूरी क्षमता पर काम हो रहा है। पावरलूम इकाइयों में कारीगरों की कमी है। मार्च में जैसी गर्मी पड़ रही है, इसे देखते हुए अप्रैल-मई में भयंकर गर्मी पड़ने का अनुमान है। अधिक गर्मी पड़ने पर पावरलूम इकाइयों में सूती ग्रे कपड़ों का उत्पादन लड़खड़ाने लगता है। यार्न बार-बार टूटने से वीवर्स को उत्पादन करने में भारी कठिनाई होती है। पावरलूम इकाइयों में ग्रे कपड़ों का उत्पादन आधी क्षमता पर हो रहा है। ग्रे कपड़ों की लेवाली कमजोर होने से भाव स्थिर है। कॉटन यार्न भी सुस्त है। वीवर्स ग्रे कपड़ों का उत्पादन बढ़ाने से पहले बाजार स्थिर होने की प्रतीक्षा में है। स्कूल यूनिफॉर्म की ग्राहकी निकलने से थोड़ी हलचल बढ़ी है। स्कूल यूनिफॉर्म की उत्पादन क्षमता कई गुना बढ़ने और मिल क्षेत्र की नामचीन खिलाड़ियों के साथ निजी खिलाड़ियों की इस क्षेत्र में दमदार मौजूदगी से बाजार में माल की आपूर्ति सरल है, इसलिए भाव बढ़ाकर मिलने की संभावना कम है। पिछली सीजन में भाव पाँच-सात प्रतिशत तक घटे थे, उसी आधार पर इस सीजन में माल उपलब्ध हो रहा है। न केवल मुम्बई के बाजारों में इस तरह की मंदी दिखाई दे रही है, बल्कि अन्य प्रमुख कपड़ों सेंटर से भी इसी तरह की रिपोर्ट मिल रही है।

बाजार में व्यापारियों का आना जाना कम हो गया है। गर्मी में अधिक बिकने वाले सूती कपड़ों में मांग का नहीं बढ़ना थोड़ा चिंताजनक लग रहा है, तथापि कारोबारियों को लगता है कि गर्मी के दिनों में सूती कैम्ब्रिक, मलमल, लोन, कॉटन साटीन जैसे कपड़ों के साथ लेडीज दुपट्टा के लिए विस्कोस एवं रेयॉन जैसी क्वालिटियों में कारोबार अच्छा होगा। साड़ियों में कॉटन साड़ी के साथ मीडियम रेंज कॉटन फील वैरायटी में कारोबार बना रहने का अनुमान है। गर्मी के दिनों में रेयॉन और लिनन बेस कपड़ों में कारोबार अच्छा होने की उम्मीद है। वीवर्स कॉटन वार्प और वेफ्ट लिनन के साथ ग्रे कपड़ा बनाते हैं। कुछ वीवर्स रेयॉन का उपयोग करते है। ऐसे में ग्रे कपड़ों का बाजार भाव 65 से लेकर 68 रू तक होता है। यदि सिर्फ कॉटन ग्रे हो तो भाव 38 से 40 रू के बीच है और यदि ग्रे कपड़ा प्योर लिनन है, तो भाव 150 से 160 रू तक हो सकता है। ड्रेस मटीरियल के लिए कॉटन लिनन ब्लैंडेड का उपयोग अधिक है। इसमें फील कॉटन जैसा होता है। गर्मी के दिनों में ऐसे कपड़ों की मांग अधिक होती है। प्योर कॉटन टू बाई टू ग्रे का भाव 80 से 100 रू है। टेक्निकल टेक्सटाइल में अच्छी संभावनाएं -एक रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक बाजारों में टेक्निकल टेक्सटाइल का कारोबार दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है। इन्नोवेशन, नवीन व्यूह रचना और उभरते बाजार ट्रेंड पर फोकस कर इस क्षेत्र में निर्यात बढ़ाने की संभावना अधिक है। टेक्निकल टेक्सटाइल से तात्पर्य प्राकृतिक एवं सिंथेटिक फाइबर से तैयार किया गया कपड़ा जिसका गुणधर्म थर्मल रेसिस्टेंस है और जिसका उपयोग देश में अनेक उद्योगों में बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। इसमें हेल्थ केयर और ऑटोमोटिव उद्योग के साथ रक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर और खेती है जहाँ इसकी उपयोगिता बढ़ी है।

अमेरिका के टैरिफ वॉर का भारत के कपड़ा क्षेत्र पर असर होने की संभावना कम है। इसका कारण यह है कि दोनों को टैरिफ से लाभ नहीं है। फिर भी भारत के लिए 2 अप्रैल को ट्रम्प किस तरह के टैरिफ लादते है। यह देखते हुए केंद्र की सरकार कई मोर्चे पर एक साथ काम करना भी शुरू कर दिया है। सूत्रों का कहना है कि दोनों देशों के बीच टैरिफ को लेकर बातचीत शुरू हो रही है और इस साल दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय ट्रेंड एग्रीमेंट कर लेने की संभावना है। पीएम नरेंद्र मोदी की अमेरिका दौरे के दौरान यह सहमति बनी थी। भारत और अमेरिका कई सेक्टरों पर फोकस वाले द्विपक्षीय ट्रेंड एग्रीमेंट पर बातचीत करेंगे।

इस समझौते से इम्पोर्ट ड्यूटी घटेगी। अमेरिका से आने वाली कुछ चीजों पर टैरिफ जीरो कर संतुलन बनाया जा सकता है। कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्री का कहना है कि जीरों ड्यूटी स्ट्रक्चर से इंडियन एक्सपोर्टर्स को वियतनाम के खिलाफ लेवल प्लेइंग फील्ड मिलेगी। टैरिफ घटने से अमेरिका को भारत का टेक्सटाइल एक्सपोर्ट आगामी तीन वर्षो में 16 बिलियन डॉलर हो सकता है। चीन पर अमेरिकी टैरिफ

20 प्रतिशत कर देने और चीन के पलटवार से अमेरिका चीन के उस रास्ते पर भी कड़ी नजर रख सकता है, जिससे चीन का माल अमेरिका में आ सकता है। इसका लाभ भारत के टेक्सटाइल उद्योग को होगा।

# गारमेण्ट कपड़ों में हलचल बढ़ी

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय**

जब कपड़ा बाजार में कारोबार औंधे मुँह गिर रहा था, तब भी गारमेण्ट में कारोबारी गतिविधियां ठीक से चल रही थी, लेकिन मार्च माह में गजब की सुस्ती देखी जा रही है। रिटेलरों का कहना है कि मार्च माह में ऐसी स्थितियां पहले भी रही है, लेकिन तब भी कुछ न कुछ कारोबार होता रहा है। ऐसा पहली बार है कि रिटेलरों को मार्च महीने में स्टॉक बेचने में कठिनाई हो रही है। एक तरफ गर्मी के नये माल आ रहे है, वहीं दूसरी तरफ पुराने निरंतर बढ़ते अनसोल्ड स्टॉक की समस्या से रिटेलरों को जूझना पड़ रहा है। होली के बाद खरमास शुरू होने से गारमेण्ट की बिक्री घटी है। ऑनलाइन खरीदी में ब्राण्डेड कम्पनियों को इस चैनल के माध्यम से नया कारोबार और नये ग्राहक मिलते हैं, जबकि छोटे रिटेलर्स को नुकसान होता है। छोटे रिटेलर्स की मार्जिन 20 से 30 प्रतिशत के बीच होती है, जिनमें अन्य कई तरह के खर्च शामिल होते है। रिटेलरों की सबसे बड़ी समस्या आउटडेटेड फैशन स्टॉक है। गारमेण्ट में फैशन बड़ी तेजी से बदलता है और अधिक से अधिक वैरायटी का स्टॉक रखना ही पड़ता है। बाजार में जैसे ही कुछ नया आना शुरू होता है, वैसे ही रिटेलर्स सप्ताह के अंत में डिस्काउंट देकर इस स्टॉक को बेचना शुरू कर देते हैं।

गारमेण्ट उत्पादन में कोई तेजी नहीं है। सीजन का माल पहले से ही तैयार हो चुका है। ऑर्डर्स को पूरा करने पर गारमेण्ट इकाइयों का ध्यान है। निर्यात में कारोबार अच्छा हो रहा है। जिनके पास निर्यात ऑर्डर अच्छा है, वहाँ उत्पादन बढ़ा है। इसलिए गारमेण्ट कपड़ों में मूवमेंट बढ़ा हुआ है, परंतु स्थानीय ग्राहकों की जरूरतों को पूरी करती गारमेण्ट इकाइयों में उत्पादन अभी भी 70 से 75 प्रतिशत की क्षमता पर हो रहा है। यह तो सच है कि टैरिफ वॉर के कारण वैश्विक स्तर पर एक तरह से ट्रेंड वॉर छिड़ा हुआ है। भारत-अमेरिका से आयात होते टेक्सटाइल पर लगभग 10.4 प्रतिशत टेक्स लगता है, वहीं दूसरी ओर अमेरिका में भारत से क्लोदिंग के आयात पर 9 प्रतिशत टेक्स वसूल करता है। भारत से क्लोदिंग का निर्यात लगातार बढ़ रहा है। बांग्लादेश में फैली अशांति और चीन पर 20 प्रतिशत टेक्स लगाने के बाद भारत के टेक्सटाइल एवं क्लोदिंग निर्यात के लिए सुनहरा मौका है। भारत का टेक्सटाइल उद्योग चीन के पलटवार से भी उत्साहित है।






# देशभर में मोटी सेठानी फिल्म की धूम

भीलवाड़ा/ झुंझुनू स्थित शक्ति पीठ श्री रानी सती दादी जी की जीवन गाथा पर बनी फिल्म **'मोटी सेठानी'** फिल्म की इन दिनों देशभर में धूम मची हुई है। फिल्म का 26 जनवरी को जयपुर के एंटरटेनमेंट पेराडाइज में प्रीमियर हुआ और 27 फरवरी को पूरे भारत में रिलीज कर दिया गया। पिछले एक माह से सम्पूर्ण देश में लोगों का भरपूर रिस्पॉन्स मिल रहा है और कई शहरों में 'मोटी सेठानी' फिल्म के शोज हाउस फुल चल रहे हैं। **'मोटी सेठानी'** फिल्म के प्रोड्यूसर एवं डायरेक्टर मशहूर बिजनेसमेन राणा श्री संजय तुलस्यान है, जिन्होंने फिल्म में नारायणी के पिता गुरसामल जी का रोल भी बखूबी निभाया है, वहीं फिल्म में सभी अभिनेताओं एवं अभिनेत्रियों ने अपने शानदार अभिनय से **'मोटी सेठानी'** फिल्म में श्री रानी सती दादीजी की जीवन गाथा को आज के युग में जीवंत कर दिया।

## श्री रानी सती दादी जी के भक्तों में हर्ष की लहर

श्री रानी सती दादीजी पर फिल्मांकन से भक्तों में हर्ष की लहर है। जिन शहरों में फिल्म चल रही है, वहाँ पर भक्ति में सराबोर दादी जी भक्त पूरे जोश से गाजे-बाजे के साथ नाचते-गाते फिल्म देखने पहुँच रहे हैं। जिन शहरों में फिल्म रिलीज हो चुकी है, वहाँ पर तीन सप्ताह से फिल्म के शोज हाउसफुल चल रहे हैं और अभी-भी कई शहरों में फिल्म के शोज बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है।

## 'मोटी सेठानी' श्री रानी सती दादी जी

श्री दादी जी, जिनको नारायणी के नाम से जाना जाता है, तीन लोक और दसों दिशाओं में जिनकी अमर कहानी है। अपने भक्तों को सदा छप्पर फाड़कर देने वाली है श्री दादी **'मोटी सेठानी'**। द्वापर युग में विराट की पुत्री, अभिमन्यु की पत्नी, श्री कृष्ण की भाणंज को गर्भवती होने के कारण श्री कृष्ण ने सती होने से रोक लिया था, जब अभिमन्यु महाभारत में वीरगति को प्राप्त हुए थे। श्री कृष्ण ने उत्तरा को वरदान दिया था कि कलयुग में उनकी यह इच्छा पूरी होगी और सतीयों की सिरमौर होगी एवं कलयुग में मुझसे पहले तेरा नाम होगा। जगदम्बा जगत-जननी महालक्ष्मी महाशक्ति के नाम से पूजी जायेगी, वहीं उत्तरा कलयुग में नारायणी **'मोटी सेठानी'** के नाम से जानी जाती है। झुंझुनूं में इनका बड़ा ही विशाल मंदिर है जो कि भारत का सबसे बड़ा मंदिर है और विश्वभर में 500 से भी ज्यादा मंदिर है। विदेशों में अमेरिका, लंदन, हांगकांग, बैंकॉक, काठमांडू, बर्मा, रंगून इत्यादि में भी मंदिर हैं। इनकी जीवन गाथा पर श्री दादीजी के सेवक राणा श्री संजय तुलस्यान भीलवाड़ा ने माँ की प्रेरणा से **'मोटी सेठानी'** नाम की बड़े पर्दे की फिल्म बनाई है। फिल्म की पूरी सूटिंग झुंझुनूं के अलसीसर गाँव में की गई। 250 से भी ज्यादा लोग इस फिल्म से जुड़े जिसमें कलाकार, टेक्निकल टीम, सिंगर व अन्य ने 30 दिन में सूटिंग पूरी की है। रासदा तनधन प्रा. लि. के बैनर में बनी इस फिल्म के निर्माता डायरेक्टर राणा श्री संजय तुलस्यान, राइटर रमन द्विवेदी, म्यूजिक डायरेक्टर सतीश देहरा है। फिल्म की पटकथा स्व. श्री रमाकांत जी द्वारा रचित श्री नारायणी चरित मानस पर आधारित है। झुंझुनूंवाली श्री दादीजी के विश्वभर में करोड़ों भक्त है, जिनका अटूट विश्वास है कि माँ सबकी झोलीयां भरती है और मन मांगता देती है। **'मोटी सेठानी'** के चर्चे-पर्चे घर-घर, हर घर में प्रचलित है। श्री नारायणी का मंगल पाठ जो हर घर गाया जाता है वो मंगल पाठ अब सब बड़े पर्दे पर देख भी सकते हैं। इस फिल्म की आय श्री राणी सतीजी वर्ल्ड वाइड फाउंडेशन द्वारा श्री दादी जी के बताए हुए जनहित कार्यों में लगाया जायेगा। **'मोटी सेठानी'** फिल्म की पूरी जानकारी गूगल, फैशबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब इत्यादि पर देख सकते हैं।

## जयपुर के एंटरटेनमेंट पेराडाइज में हुआ फिल्म का ग्रांड प्रीमियर













## भीलवाड़ा के रिलायंस मॉल में INOX मल्टीप्लेक्स में हाउसफुल शो से फिल्म की शुरूआत

विगत दिनों भीलवाड़ा शहर के रिलायंस मॉल में INOX मल्टीप्लेक्स में फिल्म दिखाई गई। पहले दिन फिल्म का शो हाउसफुल रहा। श्री रानी सती दादी जी के भक्त ढोल नगाड़ों के साथ नाचते गाते फिल्म देखने पहुँचे। फिल्म के डायरेक्टर एवं प्रोड्यूसर श्री संजय तुलस्यान का बेहतरीन फिल्म निर्माण के लिए भक्तों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर भीलवाड़ा से सांसद श्री दामोदर अग्रवाल भी फिल्म देखने INOX मल्टीप्लेक्स पहुँचे।


## वैधानिक चेतावनी

SUDHIR® SUITINGS & SHIRTINGS — We make something better — A Product of SUDHIR SYNTHETICS PVT. LTD.

SILVER DUST® — SUDHIR SUITINGS & SHIRTINGS — We make something better

**ईनाम** कोई भी व्यक्ति हमारे इन ब्राण्ड की नकली सेल्वेज एवं कॉपी करने की सूचना देगा उसको नगद 1,51,000/-रूपये दिया जायेगा एवं उसका नाम गुप्त रखा जायेगा। सम्पर्क सूत्र- 94141-15394

हम हमारे मुवक्किल मैसर्स **SUDHIR SYNTHETICS PRIVATE LIMITED, पता- E-194-B, RIICO IND. AREA, 3RD PHASE, BHILWARA, RAJASTHAN,** जरिए प्रबंधक श्री सुरेन्द्र कुमार संखलेचा (एतद् पश्चात् इन्हें उक्त अभिभाष्या कम्पनी के रूप में निर्देशित किया जायेगा)

उक्त अभिभाष्य कम्पनी वर्ष 1991 से रजिस्टर्ड होकर अनवरत रूप से उच्च गुणवत्ता के सूटिंग-शर्टिंग, ड्रेस एवं कपड़ा सामग्री और कपड़े का टुकड़ा उत्पादन व वितरण राजस्थान राज्य सहित भारत के विभिन्न हिस्सों में एवं विदेशा में विपणन व विक्रय कर रहे हैं।

उक्त अभिभाष्या कम्पनी, जरिए पंजीकृत ट्रेडमार्क एवं कॉपीराइट **" (i) SUDHIR[R] SUITINGS & SHIRTING (ii) SILVER DUST[R]** के व्यापार चिन्ह के नाम से विभिन्न लिखावट, वर्ड मार्क, पहचान चिन्ह, रैपर व अन्य व्यापारिक पहचान रखने वाले तरीकों से ट्रेडमार्क अधिनियम 1999 में व्यापार चिन्ह के रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण-पत्र, धारा 23 (2) नियम 56 (1) के अंतर्गत रजिर्स्टड स्वामी एवं मालिक हैं एवं सर्वाधिकार सुरक्षित रखते हैं। साथ ही ट्रेडमार्क धारा 137 अंतर्गत लीगल सर्टिफिकेट प्रमाण-पत्र, जो कि विधि व न्यायिक कार्यवाहियों में उपयोग के प्रदत्त किया जाता है, के स्वामी एवं मालिक हैं।

ट्रेडमार्क **"(i) SUDHIR[R] SUITINGS & SHIRTING (ii) SILVER DUST[R]** अपनी उच्च गुणवत्ता के कारण व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं में अत्यन्त ही लोकप्रिय है। **" (i) SUDHIR[R] SUITINGS & SHIRTING (ii) SILVER DUST[R]** ड्रॉइंग, डिजाइन, कलर स्कीम, गेटअप एवं सामान्तः प्रदर्शन होने वाला लेआउट पर हमारे अभिभाष्या का पूर्ण स्वामित्व है एवं उनके पक्ष में सम्पूर्ण भारत के लिए सर्वाधिकार सुरक्षित हैं।

अतः उक्त ट्रेडमार्क एवं कॉपीराइट के अधिकारों का उल्लंघन करने पर **तीन साल तक कारावास** एवं दो लाख रूपये तक का जुर्माना दीवानी फौजदारी मुकदमा किया जाएगा।

अभी हाल ही में हमारे मुवक्किल विजिलेंस टीम की जानकारी में आया है कि कुछ व्यापारी एवं **" (i) SUDHIR[R] SUITINGS & SHIRTING (ii) SILVER DUST[R]** नाम अमना रैपर पैकिंग व गुडविल का दुराश्यतापूर्वक नाजायज लाभ उठाने के लिए कपटपूर्वक तरीके से **" (i) SUDHIR[R] SUITINGS & SHIRTING (ii) SILVER DUST[R]** के हुबहु जैसा एवं मिलता-जुलता नकली लेबिल एवं मार्का लगाकर घटिया क्वालिटी का सूटिंग-शर्टिंग, ड्रेस एवं कपड़ा सामग्री और कपड़े का टुकड़ा एवं सामग्री बनाकर व बेच रहे हैं, जो कि दीवानी व फौजदारी प्रवृत्ति का गम्भीर अपराध है।

जनहित में समस्त को यह चेतावनी दी जाती है कि " **(i) SUDHIR[R] SUITINGS & SHIRTING (ii) SILVER DUST[R]** के हुबहु एवं मिलता-जुलता, भ्रांतित्मक नकली लेबिल एवं मार्का लगाकर माल बनाना बेचना, बेचने के लिए रखना प्रसंस्करण और बुनाई का काम एवं उसका विज्ञापन करना, आयात या निर्यात करना, नकली लेबल मार्का का डिजाइन डार्क ब्लॉक, सिलेण्डर मशीन प्लेट, थैलियों, लेबिल एवं रैपर आदि बनाना, छापना, उनको कब्जे में रखना एवं दूसरे खाली डिब्बे में **" (i) SUDHIR[R] SUITINGS & SHIRTING (ii) SILVER DUST[R]** युक्त माल को पुनः पैक करना एवं बेचना गैरकानूनी एवं संज्ञेय **CONGNIZABLE** अपराध है। जिसके अंतर्गत पुलिस बिना वारण्ट के सर्च, माल जब्ती की कार्यवाही एवं गिरफ्तार करने का अधिकार रखती है। अतः नक्काल उक्त अपराध को करने से बाज आवें अन्यथा नकल करने वाले के खिलाफ अविलम्ब बिना पूर्व सूचना के सख्त फौजदारी पुलिस रेड्स, सिविल एवं हर्जाना वसूल करने की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। सूचित रहें।

अधिवक्ता- **G.D. BANSAL & ASSOCIATES** (RAJASTHAN HIGH COURT, JAIPUR RAJASTHAN)
M-118, MAHESH COLONY, NEAR JP UNDERPASS, JAIPUR-302015
Email: advocategdbansal@gmail.com, Mob.: +91-90012-95042


# ऑनलाइन बाजार के मायाजाल में बिगड़ी रिटेल व्यापार की चाल

**ऑनलाइन शॉपिंग बाजार के मायाजाल ने बाजार की चाल बिगाड़ कर रख दी है। पहले भारत के मेट्रो शहरों, फिर महानगरों और अब ग्रामीण इलाकों में खुद की जड़े मजबूत कर रहे ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते क्रेज ने खुदरा व्यापारियों की कमर तोड़ कर रख दी है। पिछले कई सालों से फल-फूल रहे ऑनलाइन शॉपिंग कारोबार से भले ही ग्राहक संतुष्ट हो रहे हों, लेकिन इसने रिटेल बाजार को काफी प्रभावित किया है। बाजार में लाखों करोड़ों का इन्वेस्टमेंट कर के बैठे दुकानदारों की स्थिति यह है कि कई को खर्चे निकालना मुश्किल हो रहा है। ऑनलाइन कम्पनियों की ओर से मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट्स, गारमेंट्स व जूतों समेत अन्य कई चीजों पर लुभावने ऑफरों की चकाचौंध में खुदरा दुकानदारों के धंधे चौपट न हो जाए, सबको यहीं डर सता रहा है।**




## सस्ता सामान लुभा रहा ग्राहकों को

लोगों के मन में एक धारणा सी बैठ गई है कि बाजार में मिलने वाले सामान की अपेक्षा ऑनलाइन मिलने वाले सामान पर ज्यादा डिस्काउंट मिलता है। प्रतिस्पर्धा के चक्कर में ऑनलाइन कम्पनियां ग्राहकों को 50 से 70 फीसदी तक की छूट भी देती हैं। इससे ग्राहकों का झुकाव ऑनलाइन बाजार की तरफ बढ़ता जा रहा है। हालांकि, कई बार ग्राहक ऑनलाइन शॉपिंग में ठगी का शिकार भी होते रहें और घटिया उत्पादों की आपूर्ति से कई ग्राहकों का मन भी टूटा है।

## ऑनलाइन ट्रेडिंग का रिटेल बाजार पर प्रभाव

ऑनलाइन ट्रेडिंग (ई-कॉमर्स) का रिटेल बाजार पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है, जिससे ग्राहकों की खरीददारी की आदतों और दुकानदारों की बिक्री में बदलाव आ रहा है, जिससे कई छोटे दुकानदारों को नुकसान हो रहा है।

- **ग्राहकों की आदतों में बदलाव...** ऑनलाइन शॉपिंग की बढ़ती सुविधा और विकल्प के कारण, ग्राहक अब अधिक से अधिक ऑनलाइन खरीदारी करने लगे हैं।
- **छोटे दुकानदारों को नुकसान...** ऑनलाइन मार्केट की बढ़ती लोकप्रियता से छोटे दुकानदारों को ग्राहकों की कमी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी बिक्री और आय प्रभावित हो रही है।
- **रोजगार पर असर...** ऑनलाइन बाजार के कारण छोटे दुकानदारों को नुकसान होने से रोजगार पर भी बुरा असर पड़ सकता है।
- **नई चुनौतियां...** ऑनलाइन बाजार में बड़ी कॉर्पोरेट कम्पनियों का दबदबा बढ़ रहा है, जिससे छोटे दुकानदारों को प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल हो रहा है। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए दुकानदारों को नई तकनीक और मार्केटिंग रणनीति अपनानी पड़ रही है।
- **भविष्य...** ऑनलाइन बाजार का रिटेल बाजार पर और भी गहरा प्रभाव पड़ने की संभावना है, इसलिए दुकानदारों को ऑनलाइन बाजार के साथ तालमेल बिठाना होगा।

## क्या कहते हैं कपड़ा व्यापारी



**श्री राजेश गुप्ता**
दूल्हा गैलेरी,
अंबाला सिटी

ऑनलाइन शॉपिंग से बाजार पर काफी प्रतिकूल असर पड़ा है। ऑनलाइन कम्पनियों की महानगरों से कस्बाई लेवल तक जड़े फैल चुकी है, जिसके चलते ऑफलाइन रिटेल बाजार में ग्राहकों की कमी आई है। त्योहारी सीजन में अच्छे व्यापार की आस में कपड़ों का स्टॉक करते हैं और ऑनलाइन कम्पनियों के बड़े-बड़े लुभावने प्रचारों के चलते दुकानदारी पर सीधा असर पड़ रहा है। ऑनलाइन बाजार ने ऑफलाइन रिटेल बाजार को पूर्णतः प्रभावित किया है, जिससे ग्राहक का विश्वास रिटेल बाजार से धीरे-धीरे कम होता जा रहा है, जिससे रिटेल बाजार की सेल्स में कमी होना स्वाभाविक है। जब रिटेल बाजार की सेल्स कम होंगी, उसके घातक परिणामों से बेरोजगारी भी बढ़ेगी, साथ में खर्चों व किराए की दुकानों से आम दुकानदार की कमर टूट जाएगी। अगर ऑनलाइन पर कुछ पाबंदियाँ नहीं लगाई तो खुदरा व्यापार को बहुत ज्यादा नुकसान हो जाएगा। केंद्र सरकार को इस पर ध्यान देना होगा, नहीं तो करोड़ों लोगों पर रोजी-रोटी का संकट पैदा हो जाएगा।


